Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, छीतसगढ़, तमिलनाडु, कर्नाटक

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 285 | गुरुवार, 16 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# पीएम मोदी आज आंध्र को देंगे 13,430 करोड़ की सौगात



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आंध्र प्रदेश को 13,430 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

इतना ही नहीं वे देश के प्राचीनतम मंदिरों में से एक श्रीशैलम मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे। इस दौरान वह 13,430 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा, पीएम कुरनूल में सुपर जीएसटी-सुपर सेविंग्स कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। हाल ही में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने इसके लिए पीएम को आमंत्रित किया था। पीएम मोदी अपनी यात्रा की शुरूआत श्री भ्रामराम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम, श्रीशैलम से करेंगे।आंध्र प्रदेश पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री सुबह श्रीशैलम में स्थित श्री भ्रामरांबा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में पूजा-अर्चना करेंगे। यह मंदिर 12 ज्योतिलिंगों और 52 शक्तिपीठों में से एक है।

## भारत में नहीं बिकेगा जीएम फूड, राजस्थान हाईकोर्ट ने लगाई निर्माण और आयात पर रोक

**जयपुर।**

राजस्थान उच्च न्यायालय ने देशभर में जेनेटिकली माडिफाइड (जीएम) फूड के निर्माण, बिक्री, वितरण और आयात पर पूर्ण रोक लगाने का आदेश दिया है।

न्यायालय ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) को निर्देशित किया है कि वह खाद्ध सुरक्षा



अधिनियम, 2006 की धारा 22 के तहत जीएम फूड से संबंधित दिशा-निर्देश छह माह में जारी करे। इसके साथ ही, पर्यावरण मंत्रालय की जेनेटिक इंजीनियरिंग अप्रेजल कमेटी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि दिशा-निर्देश जारी होने तक किसी भी कंपनी को आयात की अनुमति न दी जाए। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जीएम फ्री टैग के बिना किसी भी खाद्य पदार्थ का आयात नहीं किया जाएगा। न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षित भोजन के अधिकार को जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग बताया।

## मीरजापुर के पूर्व सीएमओ से होगी 4.35 लाख की वसूली




**लखनऊ।**

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए एक पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) की एक वेतन वृद्धि रोकने और सेवानिवृत्त निदेशक चिकित्सा उपचार की पेंशन से कटौती के निर्देश दिए हैं।

मीरजापुर में वर्ष 2022 में मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) रहे डॉ. राजीव सिंघल से बिलों के अनियमित भुगतान के मामले में 4.35 लाख रुपये की वसूली की जाएगी जाएगी। उनकी एक वेतन वृद्धि पर रोक और परिनिंदा का दंड भी दिया गया है। डॉ. राजीव वर्तमान में मेरठ के प्यारे लाल शर्मा जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर तैनात हैं। उनके सीएमओ के कार्यकाल के दौरान हुए विभिन्न कार्यों के अनियमित तरीके से बिलों के भुगतान की शिकायत की जांच कराई गई थी। जिसमें उन्हें दोषी पाया गया है। प्रदेश भर में नर्सों के तबादले में अनियमितताओं में चिकित्सा स्वास्थ्य महानिदेशालय में तैनात निदेशक चिकित्सा उपचार डॉ. पीएम श्रीवास्तव को दोषी पाया गया गया। डॉ. श्रीवास्तव वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। डिप्टी सीएम ने उनकी पेंशन से तीन साल तक 10 प्रतिशत के हिसाब से कटौती के आदेश दिए हैं।

इसके अलावा राजकीय मेडिकल कालेज प्रयागराज के नेफ्रोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद गुप्ता की तीन वेतन वृद्धियों को स्थाई रूप से रोक दिया गया है। उन्हें प्राइवेट प्रैक्टिस का दोषी पाया गया है।

## एकीकृत हिमालयन एक्शन प्लान ही बचाएगा आपदा में जान



**देहरादून।**

जलवायु परिवर्तन और मानवजनित गतिविधियों के बढ़ते असर के बीच क्लाइमेट ट्रेंड्स संस्था ने एकीकृत हिमालयन एक्शन प्लान तैयार किया है। उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में किए गए अध्ययन के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की गई है। इसमें मल्टी हैजार्ड अर्ली वार्निंग सिस्टम, सख्त भूमि उपयोग नियम और प्रकृति आधारित समाधानों पर जोर दिया गया है। रिपोर्ट में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि हिमालयी क्षेत्र अब जलवायु संकट के रेड जोन में प्रवेश कर चुका है, जहां बेतरतीब निर्माण, ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने और बादल फटने जैसी घटनाएं मिलकर अभूतपूर्व आपदाओं को जन्म दे रही हैं। बुधवार को आइएसबीटी के निकट स्थित एक होटल में संस्था की ओर से रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तराखंड और हिमालयी राज्यों में हर साल भूस्खलन, फ्लैश फ्लड और ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड जैसी घटनाओं की आवृत्ति और तीव्रता बढ़ रही है। लेकिन, असली खतरा उन मानवीय गतिविधियों से है, जो संवेदनशील इलाकों को और जोखिमग्रस्त बना रही हैं।



## संपादक की कलम से

# भारत एआई का गढ़

इभारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का गढ़ बनने जा रहा है। यही आकलन करने के बाद गूगल ने आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में एआई का डाटा सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है। यह डाटा केंद्र, अमरीका से बाहर, सबसे बड़ा केंद्र होगा। गूगल ने आगामी पांच सालों में 15 अरब डॉलर खर्च करने का ऐलान राजधानी दिल्ली में आयोजित एक मेगा इवेंट में किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू आदि इस मेगा आयोजन में उपस्थित रहे। गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कूरियन ने खुलासा किया कि आज 14,000 से अधिक भारतीय गूगल के साथ जुड़े हैं और गूगल की 5 एआई लैब्स पहले से ही भारत में सक्रिय हैं। विशाखापट्टनम का केंद्र गूगल के संपूर्ण एआई सिस्टम का हिस्सा होगा, जो भारत में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, डाटा सॉल्यूशंस और एआई मॉडल्स को तेजी से स्केल करेगा। गूगल के थॉमस ने यह स्पष्ट घोषणा की कि भारत अब सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि एआई नवाचार का जेनरेटर बन रहा है। भारत में अदाणी समूह के साथ मिल कर यह एआई केंद्र बनाया जाएगा। गूगल का इतना बड़ा निर्णय भारतीय बाजार और भारत में एआई को ग्रहण करने की संभावनाओं की ताकत को सत्यापित करता है। भारत सरकार ने एआई मिशन के लिए 5 साल के दौरान 10,300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित की है। उसके तहत 38,000 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) लगाई गई हैं। प्रौद्योगिकी और एआई पारिस्थितिकी तंत्र में करीब 60 लाख लोग कार्यरत हैं। इस साल प्रौद्योगिकी क्षेत्र का राजस्व 280 अरब डॉलर को पार कर सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था में 2035 तक एआई 1.7 ट्रिलियन डॉलर जोड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय डाटा कॉरपोरेशन के मुताबिक, भारत का एआई बाजार 2025 में करीब 8 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। दरअसल भारत विश्व में सबसे बड़ा ऐसा देश और समाज है, जो अभी से एआई के साथ परिवर्तन लाने को उत्साहित है। विशाखापट्टनम को इसलिए चुना गया है, क्योंकि आंध्रप्रदेश की राजधानी रहते हुए हैदराबाद को साइबर सिटी का विशेषण मिला था। तेलंगाना के गठन के बाद समीकरण बदले। अब हैदराबाद उसकी राजधानी है, लिहाजा आंध्र के विशाखापट्टनम को गूगल की विराट परियोजना के लिए चुना गया। यहां गूगल के विकास और बढ़ोतरी की अपार क्षमताएं हैं, क्योंकि रणनीतिक तौर पर यह क्षेत्र एआई की रीढ़ है। सवाल है कि क्या भारत का विकास और उसकी बढ़ोतरी भी गूगल के अनुपात में ही होगी? इस मौके पर गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने एक्स पर यह लिखा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से बात की थी और विशाखापट्टनम में पहले गूगल एआई हब स्थापित करने की योजना बताई थी। पिचाई के मुताबिक, इस एआई केंद्र में गीगावॉट स्केल कंप्यूट क्षमता, अंतरराष्ट्रीय सबसी गेटवे और बड़े ऊर्जा आधारभूत ढांचे का गेटवे शामिल होंगे। इससे भारत में उपयोगकर्ता और उद्यमियों को उद्योग संबंधी प्रौद्योगिकी मिल सकेगी, जिससे देश में एआई नवाचार बढ़ेगा। बेशक ऐसे बुनियादी ढांचे के साथ भारत अपनी डाटा संप्रभुता में सुधार कर सकता है, एआई का सशक्त गढ़ बन सकता है, लेकिन यह सवाल मौजू है कि एआई कैसे तैनात की जाएगी? एआई कंपनियां भविष्य में द्वारपाल की शक्तियों के साथ मानविकी पर भारी पड़ेंगी। क्या भारत में ऐसा होना चाहिए कि मानविकी बिल्कुल पिछड़ जाए, जिसमें कला-साहित्य, भाषा, अर्थशास्त्र आदि क्षेत्र शामिल हैं। गूगल ने सत्यापित किया है कि कैसे प्रौद्योगिकी के नवाचार आधुनिक संपन्नता के इंजन साबित हो सकते हैं, लेकिन यह भी बताया कि कैसे ऐसी आर्थिक बढ़ोतरी न तो प्राकृतिक है और न ही गारंटीशुदा है। अंततः एआई ही भविष्य को तय करेगी। वह भविष्य कैसा होगा, यह इस सत्य पर आश्रित होगा कि एआई के ढांचे को वास्तविक और शारीरिक तथा डिजिटली तौर पर नियंत्रित कौन करेगा? कौन एआई की कीमत, मूल्य, पहुंच और नियम आदि तय करेगा? एआई के फायदे और जोखिम कैसे बांटे जाएंगे? बड़ी और दिग्गज कंपनियों के एकाधिकार कौन तोड़ेगा?



ललित शर्मा
संपादक

# आखिर गठबंधन की 'गदहपचीसी' में कबतक उलझा रहेगा बिहार? बताएं नेता-मतदातागण!




सियासी टिप्पणीकारों की मानें तो बिहार में राजग या महागठबंधन के 2020 के मुकाबले 2025 में गठबंधनों के बाहर ही नहीं, बल्कि भीतर भी समीकरण बदल चुके हैं, जिसका तीखा असर सीट शेयरिंग पर भी दिख रहा है। सिद्धांत विहीन गठबंधन की राजनीति से किसी भी जीवंत लोकतंत्र का कदापि भला नहीं हो सकता है। बिहार इसका दिलचस्प उदाहरण बन चुका है। यहां पर नीति और नियम दोनों का माखौल उड़ाया जा रहा है। चाहे एनडीए हो या इंडिया महागठबंधन (पूर्व नाम यूपीए), दोनों जगहों पर टिकट बंटवारे में जितनी सिरफुटौव्वल दिखाई पड़ी, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यदि मतदाताओं ने समझदारी नहीं दिखाई तो 14 नवम्बर से सरकार बनाने के लिए हॉर्स ट्रेडिंग होना तय है। सच कहूं तो इस फजीहत भरी सियासी स्थिति के लिए भाजपा और कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व भी कम जिम्मेदार नहीं है, क्योंकि उनके बीच बारहों मास चलते रहने वाले शह और मात के अनैतिक खेल से उनके क्षेत्रीय सहयोगियों के इकबाल बुलंद रहते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जदयू और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव (सुपुत्र पूर्व मुख्यमंत्रीद्वय लालू यादव व राबड़ी देवी) तो महज इनके हथकंडे मात्र हैं।

लेकिन कभी एक-दूसरे की सियासी उन्नति की सहायक रहे नीतीश कुमार और लालू यादव इतने सजग रहते हैं कि इन्होंने एक-दूसरे का प्रबल विरोधी रहने के बावजूद दो-दो बार आपस में हाथ मिलाने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। इन्होंने भाजपा-कांग्रेस की सियासी तिकड़मों को बिहार में कभी सफल नहीं होने दिया। खास बात यह कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के टिकट बंटवारे से पहले भी इन्होंने यानी जदयू ने भाजपा को और राजद ने कांग्रेस को, उनके गठबंधन सहयोगियों को उकसाकर जो गुप्त सियासी खेल खेला है, उससे राजनीतिक विश्लेषकों का भी दंग रह जाना स्वाभाविक है। जदयू का यह कहना कि लोजपा आर, हम और रालोमो को भाजपा मैनेज करे, यह एक गहरी सियासी चाल है! वहीं तेजस्वी यादव के परोक्ष इशारे पर वीवीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी द्वारा कांग्रेस पर तंज कसना और कांग्रेस को पिछली बार से भी कम सीटें ऑफर करना, साथ ही भाकपा माले द्वारा अधिक सीटों की मांग करना यह जाहिर करता है कि राजद अपने सहयोगियों को सीट बंटवारे के दौरान इतना कमजोर रखना चाहता है कि कि चुनाव परिणाम आने के बाद भी इनकी मोलभाव की ताकत कम रहे। यही पेंच जदयू की भी है, लेकिन भाजपा ने उसे 122 से 101 तक झुकाकर अपनी बढ़त बना ली है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि गठबंधन की बुनियाद पर लड़े जा रहे चुनाव में पहली और बड़ी चुनौती यही रहती है कि गठबंधन के भीतर किस तरह से सहयोगी दलों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा और जमीनी हकीकत के बीच तालमेल बिठाया जाए यानी कि सही संतुलन साधा जाए। इस नजरिए से बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए ने सहयोगियों के बीच सीटों की संख्या के बंटवारे की गुत्थी पहले ही सुलझाकर शुरूआती बढ़त हासिल कर ली है, लेकिन सीटों के बंटवारे का असली पेंच यहां भी खबर लिखे जाने तक फंसा हुआ है। सियासी टिप्पणीकारों की मानें तो बिहार में राजग या महागठबंधन के 2020 के मुकाबले 2025 में गठबंधनों के बाहर ही नहीं, बल्कि भीतर भी समीकरण बदल चुके हैं, जिसका तीखा असर सीट शेयरिंग पर भी दिख रहा है। एनडीए में जदयू और बीजेपी बराबर-बराबर सीटों पर मैदान में हैं, जबकि बाकी दलों को उनकी मांग से काफी कम सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। जिससे वे लोग बाहर से खुश और अंदर से नाखुश हैं। उनकी सियासी कविताएं इसी बात की चुगली करती हैं। हालांकि गठबंधन के लिए अच्छी बात यह होगी कि किसी सहयोगी दल ने खुलेआम नाखुशी जाहिर नहीं की है, क्योंकि अब में निर्विकल्प हो चुके हैं। जानकारों की मानें तो बिहार विधानसभा चुनाव 2025 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने एक नहीं बल्कि कई चुनौतियां लेकर आया है। भले ही वृद्ध हठ के अनुरूप इस चुनाव में भी राजग का चेहरा नीतीश कुमार ही हैं, लेकिन बड़े भाई वाली उनकी पार्टी की भूमिका अब बराबर वाली हो चुकी है।

*कोढ़ में खाज यह कि इस बीच आईआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार (करप्शन) केस में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप तय होने से भी तीनों नेताओं की परेशानी बढ़ी है और आगे भी ज्यादा बढ़ सकती है। चूंकि तेजस्वी यादव ने अपने चुनावी अभियान में भ्रष्टाचार और रोजगार जैसे अहम मुद्दे उठाए हैं। लेकिन ऐन चुनाव के पहले भ्रष्टाचार के मुकदमे (करप्शन केस) के आगे बढ़ने से उनके विरोधी दलों को एक और बड़ा मौका मिल गया है और भाजपा ने तो इसकी आक्रामक शुरूआत भी कर दी है। उधर, सुप्रसिद्ध चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की नवस्थापित पार्टी जनसुराज का एंगल भी राजग और महागठबंधन की सियासी महत्वाकांक्षाओं में सियासी पलीता लगा सकता है, क्योंकि प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने भी उम्मीदवारों का ताबड़तोड़ ऐलान शुरू कर दिया है। इससे कहीं एनडीए को तो कहीं महागठबंधन को तगड़ा घाटा होगा, क्योंकि इस पार्टी की ओर से अब तक की जारी लिस्ट में जातिगत समीकरणों का पूरा पूरा ख्याल रखा गया है। बहरहाल, अब पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख में केवल चार दिन बचे हैं, और दूसरे खेमों ने लिस्ट जारी करने में बाजी मार ली है, तो महागठबंधन पर दबाव बढ़ा होगा, ऐसा स्वाभाविक है। जनता को भी अब एनडीए और महागठबंधन की कीच कीच रास नहीं आ रही है। जिन उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार का कम समय मिलेगा, उनकी जीत के चान्स भगवान भरोसे रह जाए तो कहना गलत नहीं होगा। अब यह बिहार के प्रबुद्धजनों व मतदाताओं के ऊपर निर्भर है कि गठबंधन की गदहा-पचीसी से वो बाहर निकलकर एक नए भविष्य का निर्माण करेंगे या फिर लालू प्रसाद व उनके विकल्प नीतीश कुमार के सियासी भूलभुलैया में उलझे रहेंगे। सवाल मौजूं है कि आखिर गठबंधन की 'गदहपचीसी' में कबतक उलझा रहेगा बिहार? बिहार के नेताओं व मतदाताओं को यह बात स्पष्ट करके ही दमदार निर्णय लेना चाहिए। उन्हें यह समझना होगा कि मुख्यमंत्री के साथ साथ भावी प्रधानमंत्री वो कब चुनेंगे?*

मोनिका डागा

## धनत्रयोदशी

कविता



तीज तेरस अनूठे शुभ मुहूर्त ये, नव निधि और सौभाग्य लाएं,
आरोग्यता और सुख समृद्धि, जीवन में ₹आनंद₹ को बढाएं ।

धनत्रयोदशी तिथि को सभी, धनवंतरि का आशीर्वाद पाएं,
स्वस्थ तन–मन संग अक्षय धन, का ये संयोग खुशियॉ बरसाएं ।

कर आराधना यक्षराज कुबेर की, अपने भाग्य को स्वयं चमकाएं,
धन–धान्य का हो शुभ आगमन, श्रद्धा प्रेम भाव से कीर्तन गाएं ।

गृह क्लेश मनमुटाव से दूर रहें, परिवार संग सदा हँसे मुस्काएं,
बहुत चंचल है माता महालक्ष्मी, प्रेम सौहार्द शांति आप बनाएं ।

सुखों का करें हम आदान–प्रदान, फूल खुशियों के मिलकर खिलाएं,
ऊँच–नीच की बेतूकी लकीरों को, चलो चुपचाप आज हम मिटाएं ।

प्रसन्नता का संगीत हो बिखरा, त्योहारों की जगमग रौनक बढाएं,
सेतू बनकर गरीब परिवारों तक, नयी खुशियॉ धीरे से पहुंचाएं ।

कुछ खुशियों को सहर्ष बांटे, भीतर आत्मिक चमक जगाएं,
धन के प्रवाह को प्रेम रंग में रंग, करोड़ों दिलों में जगह बनाएं ।

व्यवसाय की हो चौगुनी प्रगति, थोड़ा अवश्य दान धर्म अपनाएं,
संस्कारों का रखें सदा मान भी, और खुशी–खुशी नाचें गाएं ।

निज संस्कृति पर करें गर्व, व्यहवार को हमेशा मृदु बनाएं,
स्वार्थ की सवारी को त्याग, सूरज सा उजाला सर्वत्र फैलाएं ।

महत्ता उत्सवों की है अलग, जाने समझे व अपनी रूचि बढ़ाएं,
भक्ति और भाव का हो संगम, अनगिनत दुआएं जीवन में कमाएं ।



# अयोध्या से दक्षिण तक! इस दिवाली करें देशभर के प्रसिद्ध राम मंदिरों के दर्शन

देशभर दीवाली का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार प्रभु श्रीराम विजयदशमी पर रावण का बाद करने के बाद अमावस्या के दिन अयोध्या पहुंचे थे। जिसे खुशी में अयोध्यावासी ने भगवान राम के स्वागात में हर जगह घी के दिया जलाकर पूरी अयोध्या नगरी को जगमग कर दिया था। तभी से दिवाली का त्योहार रोशनी के साथ हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाने लगा। यदि आप भी दिवाली पर प्रुभ श्री राम के मंदिरों के दर्शन करना चाहते हैं, तो भारत के इन लोकप्रिय मंदिरों का दर्शन करें। कहा जाता है कि रावण का वध करके, 14 वर्ष के वनवास के बाद भगवान राम अयोध्या लौटे, जिसके बाद प्रभु की स्वागात के लिए अयोध्यावासियो ने नगरी को दुल्हन की तरह सजा दिया। श्री राम के आयोध्या पाधरने पर दीए जले, आतिशबाजी हुई। दिवाली पर्व पर माता लक्ष्मी-गणेश की पूजा की जाती है। दिवाली पर प्रभु राम की पूजा भी की जाती है। कई लोग भगवान राम के मंदिर में जाकर दर्शन करते हैं। अगर आप भी अपने त्योहार को खास बनाना चाहते हैं, तो दिवाली के मौके पर देश के प्रसिद्ध मंदिरों के बारे में बताएंगे।

**अयोध्या का राम मंदिर:** अयोध्या की दिवाली सबसे लोकप्रिय है। इस मौके पर अयोध्या का राम मंदिर के दर्शन करना किसी सौभाग्य से कम नहीं है। भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या है। दिवाली के खास मौके पर यहां पर भक्तों की लाखों भीड़ देखने को मिलती है। इसलिए आप अपनी दिवाली को खास बनाने के लिए श्री राम जन्मभूमि जरुर जाएं।

> **हिंदू धर्म में दिवाली का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है**

**कलाराम मंदिर, नासिक:** महाराष्ट्र के नासिक पंचवटी में यह मंदिर स्थित है। कहा जाता है कि भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के साथ वनवास पर गए थे, तब दस वर्ष के बाद वो पंचवटी में गोदावरी किनारे रहने आए थे। इस मंदिर निर्माण की कही काफी दिलचस्प है। कहा जाता हैकि सरदार रंगारू ओधेकर ने सपना देखा कि प्रभु श्री राम की एक काली मूर्ति गोदावरी नदी में है। इसके बाद मूर्ति को निकाला गया, इसलिए इस मंदिर का नाम कलाराम रखा गया है। दिवाली के मौके पर आप इस मंदिर का दर्शन जरुर करें।

राम राजा मंदिर, मध्य प्रदेशयह भारत का एक ऐसा मंदिर है जहां पर श्री राम भगवान के रुप में नहीं, एक राजा के रुप में पूजे जाते है। इस मंदिर के पीछे एक प्रचलित कहानी है कि यहां की मूर्ति को कहीं और रखा जाना था लेकिन एक बार मूर्ति जहां रख गई, वहां से दोबारा हिलाने की हिम्मत नहीं हुई। बता दें कि, यह मंदिर एक भव्य किले के रुप में बना है। यहां हर दिन गार्ड ऑफ ऑनर किया जाता है। इतना ही नहीं, राजा राम को शस्त्र की सलामी दी जाती है। दिवाली के अवसर पर जरुर इस मंदिर में जाएं।

**रामास्वामी मंदिर, तमिलनाडु:** दक्षिण भारत में रामस्वामी मंदिर बहुत ही सुंदर बना हुआ। इसे दक्षिण भारत की अयोध्या भी कहा जाता है। यह मंदिर तमिलनाडु में स्थित है। इस मंदिर में श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण जी की मूर्ति के साथ ही भरत और शत्रुघ्न जी की मूर्तियां भी विराजित है। अगर आप दक्षिण भारत की दिवाली देखना चाहते हैं, तो इस मंदिर में जरुर जाएं।

**त्रिप्रायर मंदिर, केरला:** केरल का यह मंदिर सबसे लोकप्रिय है। इस मंदिर के पीछे की कहानी है कि प्रभु श्री राम की मूर्ति को स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने स्थापित किया था। त्रिप्रायर मंदिर में लोग दूर-दूर से लाखों भक्त दर्शन करने आते हैं। धार्मिक मान्यता है कि यहां आने वाले भक्तों को बुरी आत्मा और नजर दोष से मुक्ति मिल जाती है। आप भी दिवाली पर्व के दौरान इस मंदिर के दर्शन करने जा सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बिहार में आज गरजेंगे यूपी के सीएम योगी

## करेंगे 20 से अधिक चुनावी रैलियां



**लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को बिहार विधान सभा चुनाव में गरजेंगे। मुख्यमंत्री बिहार में दो जनसभाएं करेंगे। पहली जनसभा पटना के दानापुर विधान सभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी राम कृपाल यादव के समर्थन में होगी। वहीं, दूसरी जनसभा सहरसा विधान सभा क्षेत्र में होगी। यहां पर भाजपा प्रत्याशी डा. आलोक रंजन के समर्थन में मुख्यमंत्री मतदाताओं से वोट मांगेंगे। बिहार चुनाव में मुख्यमंत्री 20 से अधिक चुनावी रैलियां करेंगे। मुख्यमंत्री की लोकप्रियता को देखते हुए एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी प्रदेश में सबसे अधिक उनकी रैलियां व जनसभाओं के लिए समय मांग रहे हैं।

योगी जनता के बीच कानून-व्यवस्था, विकास और हिंदुत्व की राजनीति के प्रतीक माने जाते हैं। उनके भाषणों में ऊर्जा और आक्रामकता होती है, जो कार्यकताओं में जोश भरती है। पार्टी को उम्मीद है कि योगी की मौजूदगी से मतदाताओं में बड़ा संदेश जाएगा और चुनाव में उसे मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री की जनसभाओं की शुरूआत गुरुवार से हो रही है। वह गुरुवार सुबह 10 बजे अपने सरकारी आवास से अमौसी एयरपोर्ट के लिए निकलेंगे।

इसके बाद 10:25 बजे वह पटना एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगे। दिन में 11:25 बजे पटना के जय प्रकाश नारायण एयरपोर्ट पर उतरेंगे। यहां से सीधे जनसभा स्थल पहुंचेंगे और चुनावी जनसभा को संबोधित कर जनता से वोट मागेंगे। इसके बाद दोपहर 1:40 बजे मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से सहरसा पहुंचेंगे। यहां योगी डा. आलोक रंजन के पक्ष में चुनावी माहौल बनाएंगे। उप मुख्यमंत्री व बिहार के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य भी गुरुवार को बिहार में रहेंगे। वह झंझारपुर व खजौली विधान सभा क्षेत्र में आयोजित नामांकन सभा में शामिल होंगे।

# जुबीन गर्ग मौत मामला: आरोपियों को जेल ले जाते समय भीड़ ने किया पथराव

**नई दिल्ली।**



असम के बक्सा में लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले गिरफ्तार आरोपियों पर भीड़ ने उस समय पथराव कर दिया, जब उन्हें जेल ले जाया जा रहा था। इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

फिलहाल जेल के बाहर तनाव बना हुआ है। असम पुलिस को बुधवार को उस समय लाठीचार्ज करना पड़ा, जब मशहूर गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों को जेल ले जाते समय भीड़ ने उन पर पथराव कर दिया। यह घटना बाक्सा केंद्रीय जेल के बाहर हुई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हमले में कुछ लोग घायल हुए, जिनमें एक महिला पुलिसकर्मी भी शामिल है। पथराव से कई वाहनों के शीशे टूट गए और प्रदर्शन को कवर कर रहे कुछ पत्रकार भी इसकी चपेट में आ गए। यह घटना उस समय हुई, जब आरोपियों को जेल में रखा जाने वाला था। जैसे ही उनके वाहनों का काफिला मुसलपुर इलाके में स्थित जेल के गेट के पास पहुंचा, वहां बड़ी संख्या में मौजूद प्रदर्शनकारियों ने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने यहां तक मांग की कि आरोपियों को जनता के हवाले कर दिया जाए, ताकि जुबीन को न्याय मिल सके। पुलिस ने प्रयास किया कि यह वाहन सुरक्षित जेल के अंदर पहुंच जाएं, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने जेल के गेट पर तैनात पुलिस से धक्का-मुक्की शुरू कर दी और अंदर घुसने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पीछे हटने के लिए कहा। लेकिन जब वे नहीं माने, तो हालात को काबू में करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

## यात्रीगण ध्यान दें: दिल्ली के इन पांच रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर रोक

**दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने आगामी दिवाली और छठ के त्योहारों के कारण भारी भीड़ को देखते हुए 15 अक्तूबर से 28 अक्तूबर तक पांच स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री रोक दी है। जिन स्टेशनों पर यह नियम लागू होगा, उनमें नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार और गाजियाबाद शामिल हैं। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर भीड़भाड़ को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है। हालांकि, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, अशिक्षित, महिला यात्रियों के साथ आने वाले लोग प्लेटफार्म टिकट के लिए पूछताछ कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## 'महाभारत' फेम अभिनेता पंकज धीर का निधन

**नई दिल्ली।**




'महाभारत' फेम अभिनेता पंकज धीर का 68 साल की उम्र में निधन हो गया है। बुधवार सुबह उनके निधन की खबर ने सभी को हैरान कर दिया। उनके दोस्त फिरोज खान ने फैंस को उनके निधन की जानकारी दी है।

बी आर चोपड़ा की 'महाभारत' में कर्ण के किरदार से घर-घर में पहचान बनाने वाले अभिनेता पंकज धीर का 68 साल की उम्र में निधन हो गया है। अमर उजाला से इस खबर की पुष्टि 'महाभारत' में ही अर्जुन का किरदार निभाने वाले अभिनेता फिरोज खान ने की। पंकज का निधन बुधवार (15 अक्तूबर) सुबह 11:30 बजे हुआ। फिलहाल उनके निधन की खबर सुनकर हर कोई हैरान है। उनका अंतिम संस्कार शाम 4:30 बजे मुंबई के विले पार्ले में किया जाएगा। उनकी मौत की खबर की पुष्टि अभिनेता अमित बहल ने भी एएनआई (अठक) से की। अमित बहल, जो पिछले तीन दशक से अधिक समय से पंकज को जानते थे, उन्होंने अपने पुराने दोस्त के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें याद करते हुए कहा कि यह खबर चौंकाने वाली और बेहद दुखद है। अमित बहल ने बताया, 'लगभग तीन साल पहले पंकज बीमार थे, लेकिन उन्होंने पूरी तरह से रिकवरी कर ली थी। वे फिर से काम पर लौट आए थे।

## गाजा में फिर छिड़ेगा युद्ध आम लोगों को सरेआम मार रहे हमास आतंकी



**यरुशलम।**

गाजा में युद्ध रुकने के बाद हमास ने आमजनों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। हमास लड़ाकों ने इजरायली सेना को सहयोग देने के आरोप में कई फलस्तीनियों की हत्या कर दी या उन्हें फांसी पर लटका दिया है। बुधवार को इस तरह की कई घटनाओं की सूचना मिली है। हमास लड़ाके यह कृत्य सरेआम कर रहे हैं जिससे लोग फिर कभी इजरायली सेना का सहयोग न करें। हमास ने सोमवार को सुबह भी गाजा सिटी में एक समूह के 30 से ज्यादा लोगों की हत्या की थी। अमेरिका और जर्मनी ने हमास से आमजनों के खिलाफ हिंसा को अविलंब रोकने के लिए कहा है। अमेरिकी सेना की मध्य कमान के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा है कि शांति योजना के अनुसार हमास अविलंब अपने हथियार छोड़े और गाजा की सत्ता को छोड़ने की घोषणा करे। इससे गाजा की व्यवस्थाओं को संभालने और सुरक्षा के लिए नए इंतजाम किए जाएं। इजरायल के रक्षा मंत्री ने बुधवार को धमकी दी कि यदि हमास अमेरिका समर्थित युद्धविराम की शर्तों का सम्मान नहीं करता है।

### हमास गाजा में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है

हमास गाजा के बर्बाद शहरों पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है, लेकिन इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इस क्षेत्र की भावी सरकार में इस समूह की कोई भूमिका नहीं होगी।

# 'रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत', ट्रंप का दावा- पीएम मोदी ने दिया है आश्वासन


**वाशिंगटन।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से आश्वासन दिया है कि उनका देश रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा। हालांकि ट्रंप के बयान की भारत सरकार ने पुष्टि नहीं की है।

वहीं, यह कदम यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए मॉस्को पर दबाव बनाने के ट्रंप के प्रयासों को बल देगा। ट्रंप ने कहा कि तेल नहीं मिलेगा। वह तेल नहीं खरीद रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि यह एक बड़ा कदम है। अब हम चीन से भी यही काम करवाने जा रहे हैं। वहीं, रॉयटर के मुताबिक, वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने ईमेल से भेजे गए इस प्रश्न का तत्काल उत्तर नहीं दिया कि क्या प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप से ऐसी कोई प्रतिबद्धता जताई है। रूसी तेल खरीदना बंद करने का भारत का वादा वैश्विक ऊर्जा कूटनीति में एक संभावित मोड़ साबित होगा, क्योंकि यूक्रेन में चल रहे युद्ध के बीच वाशिंगटन, मॉस्को के तेल राजस्व को रोकने के प्रयासों को तेज कर रहा है। ट्रंप यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने में अपने प्रयाशों से निराश हैं, यह युद्ध लगभग चार साल पहले रूस के आक्रमण के साथ शुरू हुआ था। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति असंतोष व्यक्त किया है, जिन्हें वे समाधान की राह में सबसे बड़ी बाधा बताते रहे हैं, और शुक्रवार को उनका यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मिलने का कार्यक्रम है। चीन के बाद भारत रूसी तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है, और इसलिए ट्रंप ने अगस्त में भारत पर टैरिफ बढ़ा दिया था। पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि भारत तुरंत शिपमेंट नहीं रोक सकता, उन्होंने कहा कि यह थोड़ी सी बड़ी प्रक्रिया है, लेकिन यह प्रक्रिया जल्द ही पूरी हो जाएगी।

## नर्मदा और महानदी का पानी 16 प्रतिशत तक भारी धातुओं से प्रदूषित



**देहरादून।**

भारतीय नदियों की पारिस्थितिकीय स्थिति को लेकर एक नर्मदा और महानदी जैसी प्रमुख नदियों में भारी धातुओं (हेवी मेटल्स) से प्रदूषण के गंभीर स्तरों की जानकारी समाने आई है। दोनों नदियों के पानी में भारी धातुओं की उपस्थिति 16 प्रतिशत तक पाई गई है। इसके अलावा नदियों की गाद (सेंडिमेट) में भी जलीय पारिस्थितिकी के लिए घातक भारी धातुओं की उपस्थिति पाई गई। यह अध्ययन वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ) की वैज्ञानिक डा. रुचि बडोला और डा. सय्यद ऐनुल हुसैन के नेतृत्व में किया गया है। नर्मदा और महानदी में भारी धातुओं की उपस्थिति का पता लगाने के अध्ययन में विज्ञानियों ने मानसून के बाद के मौसम में नदियों के विभिन्न हिस्सों से जल और अवसाद (सेंडिमेट) के नमूने एकत्र किए और उनमें जिंक (जेडएन), कैडमियम (सीडी) और सीसा (पीबी) जैसी भारी धातुओं की जांच की। विश्लेषण के लिए आइसीपी-एमएस तकनीक और आर्क-जीआइएस साफ्टवेयर का उपयोग कर प्रदूषण के हाटस्पाट पहचाने गए।

# ब्राजील की रक्षा करेगी आकाश मिसाइल, भारत की बड़ी डील की तैयारी




**नई दिल्ली।**

भारत ने ब्राजील के सामने आकाश मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति का प्रस्ताव रखा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को ब्राजील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन के साथ व्यापक मुद्दों पर बातचीत की।

बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के अवसरों की खोज सहित संयुक्त निर्माण के लिए "प्राथमिकता वाले क्षेत्रों" की पहचान की। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बैठक के दौरान ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेइरो फिल्हो भी मौजूद थे। में भारत ने ब्राजील के सामने आकाश मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति का प्रस्ताव रखा मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि बैठक में भारत ने ब्राजील के सामने आकाश मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति का प्रस्ताव रखा। भारत और ब्राजील के बीच रणनीतिक साझेदारी है। नेताओं ने रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई। इसमें संयुक्त अभ्यास और प्रशिक्षण यात्राओं सहित सैन्य आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित किया गया।

उन्होंने रक्षा संबंधी पहल की प्रगति की भी समीक्षा की। डीआरडीओ द्वारा विकसित आकाश प्रणाली ने गत मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी क्षमता साबित की थी। पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराया था। सतह से हवा में मार करने वाली यह मिसाइल प्रणाली 25 किलोमीटर तक लक्ष्य को भेद सकती है।

### आकाश मिसाइल प्रणाली की मुख्य विशेषताएं

**प्रकार:** छोटी से मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एसएएम)
**परिचालन सीमा:** 4.5 किमी से 25 किमी (कुछ संस्करण 30 किमी तक)
**गति:** मैक 2.5 से मैक 3.5 (4,200 किमी/घंटा तक)
**ऊंचाई कवरेज:** 100 मीटर से 18 किमी
**वारहेड:** 60 किलोग्राम उच्च–विस्फोटक, पूर्व–खंडित (पारंपरिक या परमाणु)
**मार्गदर्शन:** डिजिटल ऑटोपायलट के साथ कमांड मार्गदर्शन
**मार गिराने की संभावना:** एक मिसाइल से 88%, दो मिसाइलों से 99% तक
**गतिशीलता:** ट्रैक्ड और पहिएदार दोनों प्लेटफार्मों पर पूरी तरह से गतिशील



# दिल्ली-यूपी में गुलाबी ठंड का एहसास, प्रदूषण का खतरा भी बढ़ा

**नई दिल्ली।**

देश के ज्यादातर राज्यों से मानसून विदा ले चुका है। मानसून के जाने के बाद से उत्तर भारत में मौसम तेजी से बदल रहा है। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में गुलाबी ठंड का एहसास होने लगा है। मैदानी इलाकों में तापमान तेजी से नीचे गिरने लगा है। दिल्ली एनसीआर समेत उत्तर भारत में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है और हल्की ठंड का एहसास हो रहा है, तो इसके साथ ही दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ने लगा है। राजधानी दिल्ली की हवा फिर से खराब होने लगी है। अक्टूबर महीने में ही सर्दी का एहसास होने लगा है। ऐसे में अनुमान है कि नवंबर महीने से कड़ाके की सर्दी पड़ सकती है। एक तरफ जहां प्रदेश में हल्की ठंड शुरू हो गई है, तो वहीं, इस बीच मौसम विभाग ने तमिलनाडु और केरल सहित दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में अगले 3-4 दिनों तक भारी बारिश का अनुमान जताया है। हालांकि देश के बाकी हिस्सों में बारिश की संभावना नहीं है। पहाड़ों से आने वाली बफीर्ली हवाओं के चलते मैदानी इलाकों के तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रहा है। दिल्ली-एनसीआर समेत कई जगहों पर सुबह-शाम गलाबी ठंड पड़ने लगी है। वहीं, तापमान में गिरावट के साथ प्रदूषण का खतरा भी बढ़ने लगा है। दिल्ली समेत आसपास के इलाकों की हवा दिन-ब-दिन खराब हो रही है। बीते दिन दिल्ली का अदक 211 दर्ज किया गया।

### पहाड़ी राज्यों के मौसम का हाल

अगर बात करें पहाड़ी राज्यों के मौसम की तो जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों की बर्फबारी के बाद धूप निकलने लगी है। पहाड़ी राज्यों में कोहरा पड़ना शुरू हो गया है। इसके साथ ही यहां के तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रहा है। जिसके चलते मैदानी इलाकों में भी ठिठुरन का एहसास होने लगा है।

# चुनाव नामांकन फजीवाड़ा : पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया आरोपी नवीन, चंडीगढ़ में थाने के बाहर 24 घंटे से था डेरा

वेलकम इंडिया

**चंडीगढ़।** पंजाब में राज्यसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के 10 विधायकों के जाली हस्ताक्षर कर नामांकन दाखिल करने के मामले में पंजाब पुलिस ने आरोपी नवीन चतुर्वेदी को गिरफ्तार कर लिया है। पंजाब पुलिस सेक्टर-3 पुलिस स्टेशन में पिछले 24 घंटे से डेरा डाले हुई थी। बुधवार रात लगभग 8.15 बजे पंजाब पुलिस ने आरोपी नवीन को चंडीगढ़ पुलिस से अपनी हिरासत में लिया है और उसे रोपड़ लेकर निकल गई है।

मंगलवार से ही आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पंजाब और चंडीगढ़ पुलिस के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला था। सूत्रों की मानें तो तल्खी इतनी बढ़ गई पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे पर पिस्तौल तान दी। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने आरोपी नवनीत



चतुर्वेदी का नामांकन भी रद्द कर दिया, जिसके खिलाफ वह हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। अब 24 अक्तूबर को होने वाले चुनाव के लिए सिर्फ दो उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। इनमें आप के उम्मीदवार राजिंदर गुप्ता और कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर उनकी पत्नी मधु हैं। मधु बुधवार को नामांकन वापस ले सकती हैं।

नामांकन दाखिल करने वाले जयपुर के नवनीत चतुर्वेदी को गिरफ्तार करने के लिए रोपड़ के एसपी और डीएसपी चंडीगढ़ पहुंचे लेकिन चंडीगढ़ पुलिस ने नवनीत को सुरक्षा दे रखी थी, इस वजह से उसे गिरफ्तार नहीं करने दिया। सेक्टर-3 थाना के एसएचओ इंस्पेक्टर नरेंद्र पटियाल और रोपड़ के एसपी के बीच सुखना झील के पास जमकर नोकझोंक, बहस और झड़प देखने को मिली। एसएचओ पटियाल आरोपी को लेकर गाड़ी में बैठे रहे और उनकी गाड़ी को पंजाब पुलिस के जवानों ने घेरा हुआ था। इसकी सूचना पाते ही चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर मौके पर पहुंचीं और नवनीत चतुर्वेदी को हेडक्वार्टर ले गईं। इसके बाद दोबारा नवनीत को सेक्टर-3 पुलिस स्टेशन में लाया गया।

### जान को खतरा बताकर मांगी थी सुरक्षा

नवनीत ने नामांकन दाखिल करने के बाद 13 अक्तूबर को चंडीगढ़ पुलिस को एक पत्र लिखकर खुद की जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की थी। कहा था कि जब तक राज्यसभा चुनाव नहीं हो जाते उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। पंजाब सरकार उनके फोन टैप कर रही है और उनकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। उनके ऊपर जानलेवा हमला भी हो सकता है। इसी वजह से चंडीगढ़ पुलिस ने नवनीत को पंजाब पुलिस के हवाले नहीं किया।

# पंजाब से यूपी और बिहार के लिए स्पेशल ट्रेनें, दिवाली और छठ पूजा पर चलेंगी ये गाड़ियां

**लुधियाना (पंजाब)।** उत्तर रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा पर अपने गृह राज्यों को लौटने वाले यात्रियों की सुविधा व अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए चार जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इन ट्रेनों के चलने से यूपी, बिहार रूट पर आने-जाने वाले यात्रियों को सुविधा होगी। ये सभी ट्रेनें लुधियाना स्टेशन से चलाई जाएंगी। इन ट्रेनों में लुधियाना-सहरसा-लुधियाना अनारक्षित फेस्टिवल स्पेशल (04656/04655) अप और डाउन के तीन-तीन फेरे लगाएगी। ये ट्रेन 22, 23 व 24 अक्तूबर को सुबह 11:30 बजे लुधियाना से प्रस्थान करके अगले दिन की रात्रि 20:00 बजे सहरसा पहुंचेगी और 23, 24 व 25 अक्तूबर को रात्रि 23:50 बजे सहरसा से वापसी की दिशा में प्रस्थान करके एक दिन बाद सुबह 9:20 बजे लुधियाना पहुंचेगी।

# महिला को दिनदहाड़े कुल्हाड़ी से काट डाला

## हमलावरों ने बीच सड़क पर किए ताबड़तोड़ वार, बेटा-बेटी गंभीर

वेलकम इंडिया

**मानसा (पंजाब)।** पंजाब के मानसा में दिनदहाड़े महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बाइक पर आए बदमाशों ने महिला को कुल्हाड़ी से काट डाला, जिससे उसकी मौत हो गई। बुढलाडा से बाइक पर अपने परिवार के साथ जा रही महिला की गांव मानसा खुर्द पास बाइक सवार युवकों ने कुल्हाड़ी से काटकर मौत की नींद सुला दिया। हमले में महिला का बेटा और बेटी गंभीर जख्मी हो गए। उन दोनों को सिविल अस्पताल मानसा में प्राथमिक उपचार के बाद पटियाला रेफर कर दिया गया है। मृतक महिला की पहचान कर्मजीत कौर (52) निवासी गांव खोखर खुर्द के तौर पर हुई है।




गांव खोखर खुर्द निवासी कर्मजीत कौर की बेटी गगनदीप कौर की शादी बुढलाडा में हुई थी। बुधवार को कर्मजीत कौर अपने बेटे कमलजीत सिंह व बेटी गगनदीप कौर और दोहते शुभदीप सिंह के साथ बाइक पर बुढलाडा से अपने गांव खोखर खुर्द आ रही थीं। गांव मानसा खुर्द के नजदीक पीछे दो बाइक पर आए युवकों ने उन्हें घेरा डाल लिया। इसके बाद आरोपियों ने कुल्हाड़ी से उन पर हमला कर दिया।

कर्मजीत कौर पर कुल्हाड़ी से कई वार किए गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हमले में कमलजीत सिंह व गगनदीप कौर गंभीर रूप में जख्मी हो गए। इन दोनों को मानसा अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने पटियाला रेफर कर दिया। कर्मजीत कौर का शव सिविल अस्पताल मानसा की मोर्चरी में रखा गया है। हमलावरों ने दो वर्षीय शुभदीप सिंह को कुछ नहीं कहा।

हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि हमलावर कौन थे और महिला की हत्या की वजह क्या रही है। थाना सिटी 2 मानसा के प्रमुख गुरतेज सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# पंजाबी युवक का विदेश में डंका: हरमंदर सिंह कनाडा पुलिस में बने अधिकारी




वेलकम इंडिया

**हलवारा (पंजाब)।** पंजाब के युवक ने विदेश में अपनी मेहनत का झंडा बुलंद किया है। लुधियाना के गुरु हरगोबिंद खालसा कॉलेज गुरुसर सुधार के छात्र रहे हरमंदर सिंह गिल के कनाडा में शेरिफ (प्रशिक्षित कानूनी अधिकारी) बन जाने से जहां उनके पैतृक गांव ढुड्डीके में उत्सव का माहौल है वहीं सुधार कॉलेज के शिक्षक व प्रबंधक भी खुद को गर्वित महसूस कर रहे हैं। हरमंदर सिंह गिल के गांव में दिवाली से पहले ही उनकी उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए खूब आतिशबाजी की जा रही है।

हरमंदर सिंह गिल के साथ पढ़ने वाले विद्यार्थी और उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षक और कॉलेज प्रबंधक कमेटी ने उन्हें बधाई संदेश भेजे हैं। कनाडा सुरक्षा बलों और पुलिसिंग में शेरिफ का पद बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है जिन्हें सुरक्षा ड्यूटी के साथ-साथ प्रांतीय या क्षेत्रीय न्यायालय के अधिकारी के तौर पर भी जाना जाता है, जो अदालत की सुरक्षा, कैदियों को लाने-ले जाने और अदालती दस्तावेजों की तामील कराने जैसे कर्तव्यों के लिए जिम्मेदार होता है।

शेरिफ कनाडा में किसी काउंटी का मुख्य कानून प्रवर्तन अधिकारी होता है। उसके कर्तव्य भी पुलिस अधिकारी के समान होते हैं, लेकिन उसका अधिकार क्षेत्र और सरकारी संरचना अलग होती है। मूल रूप से जिला मोगा के गांव ढुड्डीके निवासी और गिल बीज फार्म के मालिक किसान बलविंदर सिंह गिल के घर जन्मे हरमंदर सिंह गिल ने अपनी नर्सरी से पांचवीं तक की शिक्षा गुरु हरगोबिंद हाई स्कूल गुरुसर मद्दोके से प्राप्त की। इसके बाद 12वीं तक नाभा के मशहूर पंजाब पब्लिक स्कूल से शिक्षा प्राप्त की। वहां से उच्च शिक्षा के लुधियाना के जीएचजी खालसा कॉलेज में दाखिला लिया। परिवार ने कारोबार में डिग्री डिप्लोमा हासिल करने के लिए उन्हें कनाडा भेज दिया। वहां पढ़ाई पूरी करने के बाद हरमंदर सिंह गिल ने कैलगरी ट्रांजिट बस सर्विस में उच्च पद पर नौकरी शुरू कर दी लेकिन उनका सपना कनाडा पुलिस में भर्ती होकर अपना और परिवार समेत गांव और पंजाब का नाम रोशन करना था।

उन्होंने सख्त मेहनत करके पुलिस में भर्ती के लिए बहुत अच्छे नंबर से परीक्षा पास की, मेडिकल में फिट होने के बाद बहुत कठिन ट्रेनिंग में भी आगे रहे और पूरे अल्बर्टा राज्य में पुलिस के अग्रणीय जाने जाते शेरिफ के पद पर उनकी नियुक्ति हो गई। हरमंदर सिंह गिल को कैलगरी शहर में तैनात किया गया है।

उनके पिता बलविंदर सिंह गिल का कहना है कि पंजाब में उनके पास किसी चीज की कमी नहीं है। इसलिए कई बार उन्हें यह बात खलती थी कि उनका बेटा कनाडा चला गया है, लेकिन आज अपनी मेहनत के बलबूते कनाडा पुलिस के अहम पद पर उसकी नियुक्ति ने उनका सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है।

# मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के काफिले की गाड़ी का एक्सीडेंट, सात लोग घायल



वेलकम इंडिया

**अमृतसर।** पंजाब के गुरदासपुर में कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के काफिले में शामिल गाड़ी हादसे का शिकार हुई है। मंत्री की पायलट गाड़ी की दूसरी तरफ से आ रही एक अन्य कार से टक्कर हुई है। गाड़ी अचानक काफिले में शामिल पायलट कार से टकरा गई, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। हादसे में सात लोग घायल हुए हैं। कलानौर-गुरदासपुर रोड पर बुधवार को अड्डा नड़ांवाली के पास कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ की पायलट गाड़ी और कार की टक्कर हो गई। हादसे में पायलट गाड़ी में सवार चार पुलिसकर्मी और कार सवार तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर कलानौर में भर्ती करवाया गया है।

मंत्री काफिले में कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह के अलावा डीसी दलविंदरजीत सिंह और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी थे। कार कलानौर से गुरदासपुर जा रही थी। मंत्री बाढ़ प्रभावित किसानों को चेक बांटने के लिए डेरा बाबा नानक जा रहे थे। इस दौरान पुलिस पायलट की गाड़ी और कार के बीच टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। ईटीओ ने खुद भी पुलिस की मदद की। ईटीओ ने बताया कि पायलट गाड़ी में सवार चार पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें हादसाग्रस्त गाड़ी से निकालकर इलाज के लिए भेजा गया। वहीं, दूसरी गाड़ी के ड्राइवर समेत तीन और लोग घायल हुए हैं।

# सतिंदर सरताज के शो में बवाल; इंस्पेक्टर को कॉलर से खींचा... हाथापाई, दी धमकियां

**लुधियाना (पंजाब)।** पंजाब के लुधियाना स्थित पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के ग्राउंड में चल रहे सरस मेले में स्टार नाइट्स में परफार्म करने के लिए पहुंचे सतिंदर सरताज के शो में उम्मीद से ज्यादा लोगों की भीड़ पहुंच गई। सतिंदर सरताज के शो में अंदर जाने के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ को काबू करने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों को भी लोगों के साथ भिड़ना पड़ा। लोग पुलिस के साथ ही हाथापाई पर उतर आए। एक व्यक्ति ने तो वहां ड्यूटी पर तैनात इंस्पेक्टर को वर्दी से स्टार तक उतरवाने की धमकियां दे डाली। उसके बाद हद तो तब हो गई वह व्यक्ति फिर भी नहीं हटा और अंदर जाने की मशक्कत करता रहा। शो में जमकर हंगामा हुआ। शो देखने आए लोगों ने जमकर सरकारी प्रॉपर्टी के साथ खिलवाड़ किया।

# एएसआई और हेड कांस्टेबल ने ली 2.5 लाख रुपये की रिश्वत, दोनों गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**अमृतसर (पंजाब)।** पंजाब पुलिस की खाकी एक बार दागदार हुई है। पंजाब के अमृतसर में रिश्वत के आरोप में दो पुलिस मुलाजिमों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (एएसआई) और हेड कांस्टेबल शामिल हैं। दोनों ने एक नशा तस्कर से रिश्वत 2.5 लाख रुपये की रिश्वत ली थी। यह कार्रवाई एसएसपी मनिंदर सिंह के आदेश पर की गई।



एसएसपी ने बताया कि एएसआई नरिंदर सिंह और हेड कांस्टेबल परगट सिंह ने अमृतसर के दर्शन एवेन्यू निवासी कुलबीर सिंह को प्रतिबंधित दवाओं और कैप्सूल के साथ चटिविंड थाना क्षेत्र में पकड़ा था। बाद में दोनों पुलिस कर्मियों ने कुलबीर सिंह के बेटे शमशेर सिंह से ढाई लाख रुपये की रिश्वत लेकर उसके पिता को बिना कानूनी कार्रवाई के छोड़ दिया और जब्त नशीले पदार्थ अपने पास रख लिए। इस बारे में जानकारी मिली तो तुरंत एक टीम गठित की गई और कार्रवाई करते हुए दोनों पुलिसकर्मियों और नशा तस्कर कुलबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ थाना चटिविंड में मामला दर्ज किया गया है।

एसएसपी मनिंदर सिंह ने कहा कि पंजाब पुलिस भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति पर कायम है और किसी भी पुलिसकर्मी को अनैतिक कार्यों की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी दोहराया कि पंजाब पुलिस डीजीपी गौरव यादव के नेतृत्व में समाज को नशे की बुराई से पूरी तरह मुक्त करने के लिए संकल्पित है।

# तरनतारन उपचुनाव: कांग्रेस व शिअद उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

वेलकम इंडिया

**खडूर साहिब (पंजाब)।** तरनतारन विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। कांग्रेस उम्मीदवार करणबीर सिंह और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की महिला उम्मीदवार सुखविंदर कौर ने रिटर्निंग ऑफिसर-कम-एसडीएम तरनतारन के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कंचनप्रीत कौर ने शिरोमणि अकाली दल की कवरिंग उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया।

रिटर्निंग ऑफिसर गुरमीत सिंह ने बताया कि अब तक 3 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। तरनतारन विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए 21 अक्तूबर तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 अक्तूबर को भी नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। 19 अक्तूबर (रविवार) और 20 अक्तूबर (दिवाली) को अवकाश है। इन तिथियों पर नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए जा सकेंगे। गुरमीत सिंह ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 22 अक्तूबर को होगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 24 अक्तूबर है। उन्होंने बताया कि चुनाव 11 नवंबर को होंगे और मतगणना 14 नवंबर को होगी। चुनाव प्रक्रिया 16 नवंबर, 2025 तक पूरी कर ली जाएगी।

इस सीट से चुनाव लड़ने के लिए आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल ने अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। कांग्रेस ने करणबीर सिंह बुर्ज को टिकट दिया है। आप ने हरमीत सिंह संधू और शिरोमणि अकाली दल ने प्रिंसिपल सुखविंदर कौर रंधावा को उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा ने हरजीत सिंह संधू पर दांव खेला है।

# पंजाब में 134 हुए पराली जलाने के मामले, चार शहरों का बढ़ा एक्यूआई

वेलकम इंडिया

**पटियाला (पंजाब)।** पंजाब में पिछले कई दिनों से लगातार पराली जल रही है। पराली जलाने के कुल मामलों की गिनती बढ़कर अब 134 पहुंच गई है। इससे शहरों का एक्यूआई भी बढ़ने लगा है।

मंगलवार को पंजाब के चार शहरों का एक्यूआई यलो जोन में दर्ज किया गया। इनमें जालंधर का एक्यूआई 113, खन्ना का 108, पटियाला का 107 और लुधियाना का 104 दर्ज किया गया।

डाक्टरों के मुताबिक इस एक्यूआई में खास तौर से लंग, अस्थमा और दिल के रोगों से पीड़ित मरीजों को सांस लेने में तकलीफ की समस्या हो सकती है। वहीं पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से पराली जलाने वालों



के खिलाफ लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। इस सीजन में अब तक 70 मामलों में 3.45 लाख रुपये का जुमार्ना किया गया है। इसमें से 2.55 लाख रुपये की वसूली भी कर ली गई है। जबकि 78 मामलों में सैक्शन 223 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और 43 रेड एंट्रियां की गई हैं। पंजाब में पराली जलाने में अमृतसर जिला 65 मामलों के साथ सबसे आगे है।

पंजाब में 30 सितंबर से लेकर 10 दिनों तक पराली जलाने का एक भी मामला सामने नहीं आया। इस दौरान कुछ दिन बारिश का मौसम भी रहा। इससे सरकार व पीपीसीबी ने राहत की सांस ली थी। लेकिन 9 अक्तूबर से पंजाब में लगातार पराली जल रही है। जहां 9 अक्तूबर को पराली जलाने के पांच नए मामलों के साथ कुल संख्या 95 पहुंच गई थी। वहीं 10 अक्तूबर को कुल मामलों की गिनती बढ़कर 102, 11 अक्तूबर को 116, 12 अक्तूबर को 126 और 13 अक्तूबर को 134 पहुंच गई।

पराली जलाने में 65 मामलों के साथ अमृतसर जिला टॉप पर बना है। इसके बाद तरनतारन में 27 मामले, पटियाला में 10, बरनाला में तीन, बठिंडा, फरीदकोट, फाजिल्का व जालंधर में एक-एक, फिरोजपुर में तीन मामले, गुरदासपुर में भी तीन, होशियारपुर में दो, कपूरथला में पांच, लुधियाना में दो, मानसा व एसएएस नगर में भी एक-एक मामला, मालेरकोटला व संगरूर में चार-चार मामले हुए हैं। पीपीसीबी अधिकारियों के मुताबिक किसानों को लगातार पराली न जलाने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। बावजूद इसके जो पराली जला रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई हो रही है।

# खाटूश्याम जा रहे सेना के अधिकारी की कार पंजाब में हादसे का शिकार, बेटे-पत्नी की मौत

वेलकम इंडिया

**होशियारपुर (पंजाब)।** पंजाब के होशियारपुर के दसूहा में भीषण हादसा हुआ है। यहां एक स्विफ्ट डिजायर कार हादसे का शिकार हो गई। हादसे में महिला और चार साल के मासूम बेटे की मौत हो गई। कार में सैन्य अधिकारी व उनका पूरा परिवार सवार था। हादसा इतना भयानक था कि कार को चिथड़े उड़ गए। गाड़ी दो हिस्सों में बंट गई। सैन्य अधिकारी व उनकी तीन साल की बेटी बच गई। हालांकि वह दोनों भी घायल हुए हैं। उनका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार हादसा बुधवार दोपहर बाद दसूहा के जालंधर-जम्मू नेशनल हाईवे पर स्थित उच्ची बस्सी कैंट के पास हुआ है।




आर्मी ऑफिसर शक्ति सिंह परिवार (पत्नी, बेटी और बेटा) के साथ अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से जम्मू से खाटूश्याम जा रहे थे। जब वे दसूहा के उच्ची बस्सी कैंट के पास पहुंचे तो उनकी अनियंत्रित हो गई। कार डिवाइडर से टकराते हुए सड़क से नीच उतर गई और फिर पेड़ से टकराने के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी दो हिस्सों में बंट गई। कार शक्ति सिंह चला रहे थे।

इस हादसे में शक्ति सिंह और उनकी 3 साल की बेटी तो बच गए, लेकिन उनकी पत्नी मीरा मिन्हास और 4 साल के बेटे हरियांश की मौके पर ही मौत हो गई। घायल शक्ति सिंह और उनकी बेटी का दसूहा के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# फुलकारी महिला संगठन ने छह महीनों की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं को साझा किया

वेलकम इंडिया

**अमृतसर (पंजाब)।** अमृतसर के प्रतिष्ठित फुलकारी महिला संगठन ने मंगलवार को बीते छह महीनों की प्रभावशाली पहलों के साथ आगामी योजनाओं को साझा किया।

संगठन की अध्यक्ष मीनाक्षी खन्ना ने बताया कि फुलकारी आधुनिक, सशक्त और सामाजिक रूप से प्रतिबद्ध महिला का प्रतीक है, जो समाज को कुछ लौटाने की भावना से प्रेरित है। संगठन ने पिछले महीनों में कई उल्लेखनीय पहल की, जिनमें टीलाथॉन (सर्वाइकल कैंसर जागरूकता दौड़), ई-परिवर्तन (ई-कचरा संग्रह व पुनर्चक्रण अभियान) और मानसिक स्वास्थ्य पर नाटक के माध्यम से तनाव मुक्ति सत्र प्रमुख रहे।

फुलकारी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री और स्कूल किट वितरित कर मानवीय सहयोग भी किया। नव्य शक्ति कार्यक्रम के तहत ज़िला प्रशासन के साथ एमओयू साइन कर महिलाओं को डिजिटल और वित्तीय साक्षरता से सशक्त बनाया जा रहा है। संगठन ने मेडिकल छात्रों के लिए फुलकारी फेलोशिप और कॉलेजों में डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम भी शुरू किए हैं।

रचनात्मक पहल के रूप में शिबोरी रंगाई कार्यशाला, ड्रम कैफे: पावर इन रिदम और वेलनेस 360त्सत्र आयोजित किए गए। आने वाले महीनों में फुलकारी बाजार 2025, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ इवेंट, शेफ अनाहिता धोंडी के साथ पाककला सत्र और वियतनाम यात्रा आयोजित की जाएगी। इस मौके पर उपाध्यक्ष कविता काहलों, सचिव नीरू गुप्ता और नूपुर कपूर, कोषाध्यक्ष रूबी बत्रा, सलोनी पोद्दार, स्निग्दा गोयल, मीना सिंह, साथ ही प्रेस टीम रुमिता अरोड़ा, प्रियंका गोयल, दिनिका जाजू उपस्थित थे।

# पोते के सिर पर खून सवार...85 साल की दादी के गले में घोंपा चाकू, मां से बोला- मैंने बुढ़िया को मार डाला

वेलकम इंडिया

**डेराबस्सी (मोहाली)।** मोहाली के डेराबस्सी में पोते ने दादी की हत्या कर दी। यह सनसनीखेज वारदात डेराबस्सी के गुलाबगढ़ रोड स्थित गुप्ता कॉलोनी में हुई है, जहां एक पोते ने अपनी दादी की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान गुरबचन कौर (85) के तौर पर हुई है। आरोपी 22 वर्षीय आशीष सैनी है। वारदात के बाद वह मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी सुमीत मोर ने बताया कि आरोपी युवक की मां वीना सैनी ने बताया कि उसका पति और बड़ा बेटा घर से बाहर थे। घर पर उसकी सास गुरबचन कौर और बेटा आशीष ही



मौजूद थे। आशीष शराब पीने का आदी है, जिसे परिवार के लोग शराब से रोकते रहते थे।

बुधवार शाम को जब वीना घर लौटी तो कमरे का दरवाजा बंद था। जब उसने दरवाजा खटखटाया तो आशीष ने दरवाजा खोला और बताया कि उसकी दादी उसे शराब पीने से रोक रही थी। इसी बात पर गुस्से में आकर उसने बुढ़िया को चाकू से मार दिया। वीना जब अंदर गई तो उसने देखा कि उसकी सास की गर्दन में चाकू धंसा हुआ था और कमरे में खून बिखरा पड़ा था। इसी दौरान आशीष मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलते ही डीएसपी डेराबस्सी बिक्रमजीत सिंह ब्रार और थाना प्रभारी सुमीत मोर मौके पर पहुंचे। गुरबचन कौर की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डेराबस्सी के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

# हरियाणा के आईपीएस पूरण कुमार का चंडीगढ़ में आठ दिन बाद अंतिम संस्कार, बेटियों ने दी मुखाग्नि

## एडीजीपी वाई पूरण कुमार ने 7 अक्तूबर को सेक्टर-11 स्थित अपने घर पर खुद को गोली मार ली थी

वेलकम इंडिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरण कुमार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। चंडीगढ़ के सेक्टर-25 के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की गईं। एडीजीपी की बेटियों ने पिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान श्मशान घाट के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात रहे। एडीजीपी के अंतिम संस्कार में हरियाणा सरकार के ब्यूरोक्रेसी से राजेश खुल्लर, सुधीर राजपाल, पंकज गुप्ता, डीजीपी ओपी सिंह, आईपीएस मोहम्मद अकील, एडीजीपी आलोक मित्तल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे।

इससे पहले पीजीआई में उनके शव का पोस्टमार्टम किया गया। लगभग चार घंटे तक पोस्टमार्टम चला। उसके बाद शव को सेक्टर-24 स्थित सरकारी आवास पर लाया गया। सेक्टर 25 क्रिमेशन ग्राउंड में एडीजीपी वाई पूरण कुमार का अंतिम संस्कार किया गया। आईएएस पंकज अग्रवाल और आईएएस राज नारायण कौशिक सेक्टर-24 पहुंचे थे।

पीजीआई चंडीगढ़ की तरफ से कहा गया है कि हरियाणा कैडर के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार का पोस्टमार्टम विधिवत गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट विशेष जांच दल (एसआईटी) के जांच अधिकारी को सौंपी जाएगी। पार्थिव शरीर सम्मानपूर्वक उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। एडीजीपी आत्महत्या मामले में नौ दिन बाद हरियाणा सरकार ने भी राहत की सांस ली है।



### 31 सदस्यीय कमेटी का पैदल मार्च रद्द

31 सदस्यीय कमेटी के सदस्य रेशम सिंह ने बताया कि सेक्टर 17 चंडीगढ़ से तय पैदल मार्च रद्द कर दिया गया है। इसके लिए मीटिंग करेंगे, फिर आगे का फैसला लेंगे। रेशम सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से परिवार को न्याय नहीं किया गया है।

### चंडीगढ़ कोर्ट ने अमनीत कुमार को भेजा था नोटिस

इससे पहले मंगलवार को चंडीगढ़ जिला अदालत ने पूरण कुमार की आईएएस पत्नी अमनीत पी कुमार को नोटिस जारी किया। यह नोटिस चंडीगढ़ पुलिस की तरफ से अदालत में दायर की गई अर्जी पर जारी किया गया था। पुलिस की तरफ से कोर्ट में एप्लीकेशन लगाकर एडीजीपी वाई पूरण कुमार के शव के पोस्टमार्टम की इजाजत मांगी गई थी। मामले के जांच अधिकारी, एसएसपी और आईजीपी की तरफ से वाई पूरण कुमार के परिजनों से बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद जब परिवार ने पोस्टमॉर्टम के लिए सहयोग नहीं किया, तो पुलिस को मजबूर होकर स्थानीय अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। पुलिस ने अदालत से अनुरोध किया है कि परिवार को शव की पहचान और पोस्टमार्टम के लिए आगे आने का निर्देश दिया जाए।

### निष्पक्ष जांच का आश्वासन

अमनीत पी कुमार की तरफ से कहा गया कि यूटी पुलिस द्वारा निष्पक्ष, पारदर्शी और निष्पक्ष जांच के आश्वासन और हरियाणा सरकार द्वारा आरोपी अधिकारियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने की प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्होंने पति के शव का पोस्टमार्टम कराने की सहमति दी है। समय पर पोस्टमार्टम के साक्ष्यगत महत्व और न्याय के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इसे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, गठित चिकित्सकों के बोर्ड द्वारा, एक बैलिस्टिक विशेषज्ञ की उपस्थिति में, एक मजिस्ट्रेट की देखरेख में, और पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के साथ कराने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुझे न्यायपालिका और पुलिस अधिकारियों पर पूरा भरोसा है, और मुझे पूरी उम्मीद है कि जांच पेशेवर, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से की जाएगी, ताकि कानून के अनुसार सच्चाई सामने आ सके। जांच दल को मेरा पूरा सहयोग मिलता रहेगा ताकि प्रक्रिया में तेजी आए और जल्द से जल्द न्याय मिले। जांच जारी रहने के मद्देनजर, इस समय कोई और सार्वजनिक बयान जारी नहीं किया जाएगा और मैं मीडिया से अनुरोध करती हूं कि वे मामले की संवेदनशीलता का सम्मान करें।

# बेलर मशीन से बाइक की जोरदार टक्कर, दो युवकों की हुई मौत



वेलकम इंडिया

**नारनौंद।** नारनौंद-बुडाना रोड पर बुधवार शाम बेलर मशीन और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को हांसी के नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम वीरवार को करवाया जाएगा।

यह हादसा लोहान भट्ठे के पास हुआ। बेलर मशीन बुडाना की तरफ से नारनौंद की ओर जा रही थी कि तभी सामने से आ रही बाइक उससे टकरा गई। बाइक पर गांव बुडाना निवासी 29 वर्षीय सोमबीर और उसका साथी 30 वर्षीय सोहन उर्फ तोता सवार थे। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने सोमबीर और सोहन को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार सोमबीर पेंटर था। वह काम खत्म करके शाम को घर लौट रहा था, जबकि सोहन उर्फ तोता अविवाहित था। दोनों की मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। वहां वीरवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। हादसे के बाद चालक मौके से भाग गया। जांच अधिकारी बलवान सिंह ने बताया कि आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## सार संक्षेप

### थप्पड़ कांड से मची अफरा-तफरी, चढूनी सहित 20 से ज्यादा किसान गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**कुरुक्षेत्र।** धान उठान को लेकर भाकियू अध्यक्ष गुरनाम चढूनी द्वारा जिला सचिवालय परिसर में डीसी कार्यालय के समक्ष दिए गए धरने पर थप्पड़ कांड से अफरा-तफरी मच गई। डीएसपी रामकुमार व अशोक कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल पहुंचा तो डीएफएससी को धरना स्थल पर ही थपड़ मारने के आरोप में चढूनी व उनके साथ धरने पर बैठे किसानों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उन्हें बस में बैठाकर थाना झांसा ले गई, जहां फिलहाल वे पुलिस हिरासत में ही है। उधर धरना स्थल रहे कुछ किसानों को पुलिस ने जबरदस्ती उठा दिया तो वहां किसानों द्वारा बिछाए गए गद्दे व दरियां भी पुलिस कर्मियों ने हटा दी। उधर गिरफ्तारी से पहले चढूनी ने कहा कि डीएफएससी बेहद भ्रष्ट अधिकारी है, जिसके चलते ही वह धान उठान के लिए आरओ जारी नहीं कर रहे। ऐसे अधिकारी को थप्पड़ मारना तो बहुत छोटी बात है, उनकी तो टांगें तोड़ देनी चाहिए। उधर एसडीएम व डीएसपी ने चढूनी को भरोसा दिया कि उनकी ओर से डीएफएससी के खिलाफ कोई शिकायत दी गई तो उस पर भी जरूर और तत्काल कार्रवाई होगी।

### शराब ठेके के सेल्समैन पर फायरिंग घायल पीजीआई रोहतक में भर्ती

वेलकम इंडिया

**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक जिले के महम उपमंडल के भैणी सुरजन गांव में शराब ठेके पर कारिंदे को गोली मारने की वारदात सामने आई है। बुधवार रात को घटना को अंजाम दिया गया। पिंडारा निवासी घायल सेल्समैन मनोज को तत्काल पीजीआई रोहतक में भर्ती करवाया गया है। सेल्समैन की हालत गंभीर बनी हुई है। सुरजन निवासी मनीष पर हमला करने का आरोप लगा है। फिलहाल पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घर के बाहर खड़ी बाइकों को बदमाशों ने लगाई आग, शिकायतकर्ता से मांगी फिरौती

वेलकम इंडिया

**रेवाड़ी।** शहर के मोहल्ला छिपटवाड़ा में दिनदहाड़े दो युवकों ने एक घर के बाहर खड़ी दो बाइकों को ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग के हवाले कर दिया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिससे इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया। घटना के तुरंत बाद बदमाशों ने शिकायतकर्ता को फोन करके एक लाख रुपये की फिरौती मांगी और पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी। एक बुलेट बाइक व एक अपाचे बाइक को आग लगाई गई है।

घटना के कुछ ही मिनट बाद पीड़ित के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने धमकी देते हुए कहा कि यह तो सिर्फ



ट्रेलर था, अब 1 लाख रुपये का इंतजाम कर लो। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि दो युवक वारदात को अंजाम देते हैं। नीली टी-शर्ट पहने युवक दोनों बाइक पर ज्वलनशील पदार्थ डालता है जबकि दूसरा युवक आग लगाता है। इसके बाद दोनों बदमाश मौके से फरार हो जाते हैं।

वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है

> एक बुलेट बाइक व एक अपाचे बाइक को आग लगाने की जानकारी मिली है। सीसीटीवी फुटेज मिली है जिसके आधार पर युवकों की पहचान की जा रही है। **-सीमा, प्रभारी, सिटी थाना**

जिससे इलाके में दहशत और भय का माहौल बन गया। पुलिस को दो बाइकों को आग लगाने और एक लाख रुपये की फिरौती मांगने की शिकायत मिली है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि वे किसी संदिग्ध गतिविधि या ऐसे अपराधों के बारे में जानकारी रखें तो तुरंत 112 या नजदीकी थाने में सूचना दें। अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## मंत्री अनिल विज ने विपक्ष पर बोला हमला

# आरएसएस को लेकर दिया बयान, कहा- डरती है कांग्रेस

वेलकम इंडिया

**अंबाला।** जैसे पक्षी को अंधेरे से डर लगता है, वैसे ही कांग्रेस को आरएसएस से डर लगता है, क्योंकि आरएसएस धर्म और जाति के नाम पर राजनीति करने की उनकी नीति को समाप्त करती है। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सुरक्षा, पारदर्शिता और विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विपक्ष के झूठे आरोपों से विचलित नहीं होगी।

विज बुधवार को मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। विज ने कहा कि आरएसएस देशभक्ति, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देती है, जबकि कांग्रेस जैसी पार्टियां समाज को धर्म और जातियों में बांटकर राजनीति करती हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग आरएसएस पर टिप्पणी करते हैं, वे उसी तरह हैं जैसे कुछ पक्षी जो रोशनी से डरकर अंधेरे में रहना पसंद करते हैं।




### नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई

कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा हरियाणा में नशा माफियाओं के बढ़ते जाल को लेकर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए विज ने कहा कि नशे के खिलाफ जितनी सख्त कार्रवाई मौजूदा भाजपा सरकार कर रही है, उतनी पहले किसी सरकार ने नहीं की।

# अब इस दिन अंबाला आएंगी द्रौपदी मुर्मू, जारी हुई नई तारीख

वेलकम इंडिया



**अंबाला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अंबाला दौरे को लेकर अब अधिक समय का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। राष्ट्रपति कार्यालय से एक बार फिर से राष्ट्रपति के अंबाला दौरे को लेकर शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो अंबाला छावनी के वायुसेना स्थित स्टेशन पर राष्ट्रपति मुर्मू 29 अक्तूबर को कार्यक्रम में शामिल होंगी।

राष्ट्रपति अंबाला में पहली बार वायु सेना के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंच रही हैं। इस दौरान वायु सेना और जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी हैं। इससे पहले 18 अक्तूबर को राष्ट्रपति का दौरा पहले निश्चित किया गया था लेकिन मंगलवार को यह दौरा स्थगित कर दिया गया था। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर अधिकारियों की जिम्मेदारी लगा दी गई है। वहीं, सोनीपत में पीएम मोदी का 17 अक्तूबर को प्रस्तावित दौरा था। जो भी फिलहाल के लिए रद्द कर दिया गया है।

# पुलिस कस्टडी में युवक ने किया सुसाइड, टॉयलट में लगाया फंदा, नशे की हालत में लाई थी पुलिस

वेलकम इंडिया

**नारनौल।** नारनौल के तहत आने वाली महावीर पुलिस चौकी में एक युवक ने शौचालय के फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस युवक को मंगलवार रात करीब दस बजे डीसी आवास के सामने से पकड़ कर लाई थी। पुलिस ने बताया कि युवक संदिग्ध लग रहा था। आत्महत्या की पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। वहीं, मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट व डीएसपी भारत भूषण भी पहुंचे। उन्होंने पुलिसकर्मियों से घटना की जानकारी ली।

गांव कोथल कलां निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि बेटा बलवान सिंह उम्र 40 साल करीब चार दिन से गायब था। मंगलवार को पुलिस द्वारा पकड़ने जाने से पहले किसी व्यक्ति के फोन से बलवान ने फोन कर परिजनों को दस हजार रुपये लाने को कहा। युवक ने परिजनों को नारनौल के महावीर चौक पर आने को कहा। इस पर सरपंच प्रतिनिधि संजय के साथ महावीर चौक पर आए। उन्होंने अपने साथ गाड़ी में घर ले जाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं गया। इसके बाद वह घर चले गए।



### नशे की हालत में युवक को लाई थी पुलिस

ओमप्रकाश ने बताया कि बुधवार सुबह महेंद्रगढ़ थाने के एसएचओ घर आए और कहा कि नारनौल पुलिस चौकी चलना है। इसके बाद उसने बेटे की चौकी में शिनाख्त की। बताया जा रहा है कि बलवान सिंह ने लघुशंका जाने के बहाने टॉयलेट में बिजली की तार से लटककर आत्महत्या कर ली। दावा किया जा रहा है कि जब युवक को लाया गया था तो वह नशे में था। बता दें कि बलवान सिंह बेरोजगार और अविवाहित था। वह गांव में बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था। उसी से खर्चा चलाता था। हालांकि जान देने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

मृत युवक के परिजनों को पोस्टमार्टम करवाकर शव सौंप दिया गया है। मामले में 194 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है। **-भूपेश कुमार इंस्पेक्टर शहर थाना।**

# हरियाणा के छोरे को जापान में मिली पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप, विश्वभर के 120 वैज्ञानिकों में आया नाम

वेलकम इंडिया

**झज्जर।** माजरा गांव के मास्टर चांद सिंह कादयान के बेटे डॉक्टर सचिन कादयान को जापान सरकार की ओर से प्रायोजित जापान सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस ने पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप से सम्मानित किया है। इस फेलोशिप के लिए विश्वभर के हजारों युवा वैज्ञानिकों ने अपना भाग्य आजमाया था लेकिन सचिन कादयान ने वैज्ञानिक सोच, लक्ष्य के प्रति समर्पण और सतत प्रयास से इस मुकाम पर शीर्ष स्थान पर रहते हुए सफलता हासिल की है।

यह पोस्ट डॉक्टर फेलोशिप जापान सरकार की ओर से 24 माह के लिए दी जाती है। इसमें शोध करते हुए वजीफा, यात्रा भत्ता और अनुसंधान सहायता प्रदान की जाएगी। विश्वभर के 120 वैज्ञानिकों में सचिन अपने शोध हुनर से मानवता की सेवा करेंगे। डॉ. सचिन कादयान टोकियो विश्वविद्यालय में माइक्रोनीडलिंग आधारित ट्रांसडर्मल बायोसेंसिंग और पर्सनलाइज्ड ड्रग डिलीवरी सिस्टम पर अनुसंधान के लिए चयन हुआ है। वर्तमान में अमेरिका के एनसी स्टेट विश्वविद्यालय और उत्तरी कैरोलिना विश्वविद्यालय में संयुक्त बायो मेडिकल इंजीनियरिंग विभाग में पोस्ट डॉक्टोरल शोधार्थी हैं।

उन्होंने अपनी पीएचडी आईआईटी रुड़की और एनआईटी कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में प्राप्त की थी। उन्हें आईआईटी रुड़की की ओर से श्रेष्ठ पीएचडी थीसिस सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। 2024 में उन्हें बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभागीय के उपलब्धि पुरस्कार भी मिल चुका है।



### परिवार को दिया सफलता का श्रेय

डॉक्टर सचिन कादयान की सफलता में उनके परिवार, स्कूल, गांव और एनआईटी कुरुक्षेत्र का बड़ा हाथ रहा है। सचिन कादयान के दादा गुलजारी कादयान अपने जमाने के श्रेष्ठ पहलवान और समाजसेवी रहे हैं। डॉक्टर सचिन की माता कमलेश देवी गृहिणी हैं। बहन मोनिका कादयान ऑस्ट्रेलिया में मैनेजर हैं।

## हरियाणा में वन अपराधों पर अब दोगुनी सजा और जुमार्ना

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने वन संरक्षण कानूनों को और सख्त बना दिया है। राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब भारतीय वन (हरियाणा द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 1973 में संशोधन को राज्यपाल की स्वीकृति मिल गई है। इस संशोधन के तहत वन अपराधों में दोषी पाए जाने पर सजा और जुमार्ना दोनों की अधिकतम सीमा दोगुनी कर दी गई है। पहले वन अपराधों पर छह महीने की सजा या पांच सौ रुपये तक जुमार्ने का प्रावधान था। अब एक वर्ष की सजा या एक हजार तक जुमार्ना कर दिया है। विधि विभाग की प्रशासकीय सचिव रितु गर्ग ने अधिसूचना पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि संशोधित कानून का उद्देश्य वन संपदा की रक्षा व अपराधियों को कड़ी सजा देना है। इससे वनों में अवैध कटान, आगजनी, अतिक्रमण व अवैध दोहन पर अंकुश लग सकेगा।

# जेल से बाहर आना चाहती है ज्योति

वेलकम इंडिया

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार महिला ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा के मामले में बुधवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गगनदीप मित्तल की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ज्योति मल्होत्रा को वीसी के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। अब कोर्ट 19 नवंबर को चार्ज फ्रेम करेगी।

ज्योति मल्होत्रा ने मंगलवार को जिला न्यायालय में नियमित जमानत याचिका दायर की थी जिस पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. परमिंद्र कौर की अदालत ने 17 अक्तूबर को जवाब मांगा। इसी दिन जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। ज्योति मल्होत्रा के वकील कुमार मुकेश ने बताया कि ज्योति मल्होत्रा ने नियमित जमानत के लिए सत्र न्यायालय में याचिका लगाई है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस केस में धाराएं लगाई हैं, उसको लेकर चार्जशीट में एक भी साक्ष्य पेश नहीं किया गया है।

हमने इसी को आधार बनाकर जमानत याचिका लगाई है। पुलिस ने जो सीक्रेट एक्ट और देशद्रोह जैसी धाराएं लगाई हैं, उनका कोई आधार ही नहीं है। चार्जशीट के अंदर पुलिस इस बात को सिद्ध नहीं कर पाई है। इससे पहले जून माह में ज्योति मल्होत्रा के वकील ने सिविल जज सुनील कुमार की अदालत में जमानत के लिए याचिका लगाई थी। जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। इस मामले में पुलिस की ओर से 14 अगस्त को करीब 2500 पेज की चार्जशीट दाखिल की थी। जिसके कुछ हिस्सों को छोड़ कर तैयार की गई संशोधित प्रति ज्योति को सौंपी गई थी।



■ जमानत याचिका पर इस दिन होगी सुनवाई

# किराए के मकान में चल रहा सट्टा कारोबार 9 युवक गिरफ्तार, 15,910 रुपये बरामद

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे सट्टेबाजों के खिलाफ अभियान के तहत बारादरी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने गंगापुर मोहल्ला स्थित किराए के मकान में देर रात दबिश देकर संगठित गिरोह बनाकर सट्टा खेल रहे नौ आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

पुलिस ने मौके से 15 हजार 910 रुपए नगद सट्टा पर्चियां, कैलकुलेटर, पैड, और लकड़ी की चौकियां भी बरामद की हैं। सूत्रों के अनुसार, शातिर सट्टा माफिया जगमोहन उर्फ तन्नू ने मोहल्ला गंगापुर की एक गली में किराए का मकान लेकर सट्टा घर तैयार किया था, जहाँ से रोजाना हजारों का दांव चलता था। यह मकान आगे और पीछे दोनों ओर से बंद किया गया था ताकि पुलिस की दबिश के दौरान आरोपी पीछे के दरवाजे से फरार हो सकें।

पुलिस को जब सूचना मिली तो प्रभारी निरीक्षक बारादरी ने टीम गठित कर तत्काल दबिश दी। जिसमें मौके से 9 सट्टेबाज गिरफ्तार हुए, जबकि मुख्य सट्टा संचालक तन्नू और उसका साथी अर्जुन उर्फ पापी फरार हो गए। गिरफ्तार सटोरियों में शाकिब पुत्र नदीम, निवासी शहबाद थाना प्रेमनगर, बाबूलाल पुत्र गिरिराज, निवासी बीडीए कॉलोनी, थाना सुभाषनगर, गुलफाम पुत्र अफसर अली, निवासी गली मनियारा, थाना कोतवाली, मौसिम पुत्र सलीम, निवासी रजा चौक, थाना किला, श्याम पुत्र कांति प्रसाद, निवासी मठ चौकी, थाना कोतवाली, शिव कुमार पुत्र रामचंद्र, निवासी गढ़ेया, थाना किला, प्रेम कुमार पुत्र दामोदर दास, निवासी नरकुलागंज, थाना प्रेमनगर, देवीराम पुत्र नारायनदास, निवासी बांके की छावनी, थाना प्रेमनगर, कल्लूराम पुत्र नंदराम, निवासी बांके की छावनी, थाना प्रेमनगर शामिल हैं इन सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## वारंटी पकड़ने गई सीबीगंज पुलिस टीम पर हमला

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम खतौला में सोमवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब पुलिस टीम एक वारंटी को पकड़ने पहुंची। गिरफ्तारी के दौरान परिजनों और महिलाओं ने पुलिस पर धावा बोल दिया। लाठी-डंडों से हमला कर पुलिस को पीटा गया और वारंटी को छुड़ाकर भगा दिया गया। हमले में पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। उपनिरीक्षक शिवम तोमर मय हमराही कांस्टेबल विनीत कुमार व निशांत कुमार के साथ मुकदमा संख्या 197/19 धारा 3/5/8 उर एक्ट बनाम नसीम पुत्र सला मोहम्मद निवासी खतौला की गिरफ्तारी के लिए रवाना हुए थे। मुखबिर की सूचना पर टीम ने गांव खतौला पहुंचकर दबिश दी तो वारंटी नसीम घर पर मौजूद मिला। जैसे ही पुलिस ने नसीम को पकड़ा, वह गाली-गलौज करते हुए हाथापाई करने लगा।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार व्याप्त आमजन परेशान : अभिषेक त्यागी



**वेलकम इंडिया**

**बुलदंशहर।** स्याना में राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल ने बुधवार को जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक त्यागी ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार और जाति-धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाया। यह सम्मेलन नगर के नवरत्न फार्म हाउस में आयोजित किया गया था।

त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार में चारों ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है, जिससे आमजन काफी परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केवल जाति-धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर रही है।

राष्ट्रीय महासचिव ने दावा किया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पार्टी का जन आधार लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। त्यागी ने मौजूदा सरकार पर जीएसटी कम करने के नाम पर शिक्षा क्षेत्र में काम आने वाली वस्तुओं पर कोई जीएसटी कम न करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि यह सरकार लोगों को ठगने का काम कर रही है। सम्मेलन के बाद मुख्य अतिथि अभिषेक त्यागी ने नगर निवासी जितेंद्र त्यागी उर्फ सोनू को पार्टी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर नरेंद्र त्यागी, विपुल त्यागी, अरविंद त्यागी, तुषार त्यागी, विवेक त्यागी, योगेश त्यागी, निर्दोष त्यागी, राहुल त्यागी, सोनिया त्यागी और शिवकुमार त्यागी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### फैमिली आईडी जागरूकता गोष्ठी का किया गया आयोजन



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** कार्यालय नगर पंचायत लालगंज परिसर मे फैमिली आईडी के सम्बन्ध मे जागरूकता के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत निवास कर रही माहिलाओं एवं पुरुषों द्वारा प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी मे अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत लालगंज द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं पुरूषों को फैमिली आईडी के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी और अधिक से अधिक फैमिली आई डी बनाये जाने के लिए प्रेरित किया गया है। गोष्ठी मे उपस्थित महिलाओं का निकाय के कर्मचारी रवि मिश्र द्वारा फैमिली आई डी भी बनाया गया।

### विधायक ने प्रशिक्षण केंद्र का किया शुभारंभ

**संतकबीरनगर।** विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत महत्वाकांक्षी विकासखंड साथा हेतु हेल्थकेयर ट्रेड मेंआवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रशिक्षण प्रदाता भारतीय महिला प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान द्वारा स्थापित प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे जिनसे विधायक ने संवाद भी स्थापित किया। प्रशिक्षण केंद्र के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा, केंद्र प्रबंधक इंद्रजीत एवं प्रशिक्षक आदि उपस्थित रहे।

### बागपत ट्रेड शो में वॉयेज डांस स्टूड़ियों के बच्चों ने मचाया धमाल



**बागपत।** 10 अक्टूबर 2025 से बागपत नगर के सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज में चल रहे बागपत ट्रेड शो में जिलाधिकारी बागपत अस्मिता लाल, सीडीओ बागपत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कुलदीप भारद्वाज सहित अनेकों गणमान्य लोगो ने शिरकत की और ट्रेड शो में लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वॉयेज डांस स्टूड़ियों के बच्चों ने खूब धमाल मचाया और उनके द्वारा प्रस्तुत नृत्य व महिषासुर वध के मंचन ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। शानदार प्रस्तुति के लिए उपस्थित लोगो ने वॉयेज डांस स्टूड़ियों के चेयरमैन शुभम सिंघल व श्रेया, नैना, अपेक्षा, विशाखा, कीर्ति, भावना, बादल, अनमोल, अंश आदि की जमकर प्रशंसा की।

# मथुरा मंडी में हर दिन किसानों को दो करोड़ की लग रही चपत

- धान के सीजन में एक हफ्ते से हर दिन ठगे जा रहे किसान
- मथुरा मंडी में आ रहा 50000 कुंटल धान

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** अकेले जिला मुख्यालय स्थित मथुरा मंडी में किसानों को 2 करोड रुपए प्रतिदिन की चपत लगाई जा रही है। यहां हर दिन तकरीबन एक लाख बोरी यानी 50 हजार कुंतल माल आ रहा है। इसे कारोबारी 400-500 रुपए प्रति कुंतल सस्ता खरीद रहे हैं। मंगलवार को मंडी के गेट बंद रहने की खबरों के बाद बुधवार को मंडी प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट ने मंडी का निरीक्षण किया। वह मंडी में खाली खड़े किसानों के ट्रैक्टर हटवाते नजर आए। हालात यह है कि मंडी भाव से अटी पड़ी है और लोडिंग को आधा दर्जन गाडियां भी नहीं दिखीं जबकि हर दिन तकरीबन 200 गाड़ियां लोडिंग के लिए मंडी में माल मौजूद है। लोडिंग नहीं हुई तो गुरुवार को भी मथुरा मंडी में किसानों के बासमती धान की बेकदरी होना तय है ?।

धान के चालू सीजन में धान की 1509 किस्म ?3300 प्रति कुंतल तक बिकी। पिछले एक हफ्ते से धान की यही किम 2200 रुपए से लेकर 2700-2800 कुंतल तक बिक रही है। कभी मंडियों में लोडिंग बंद कर दी जाती है तो कभी लेबर स्ट्राइक कर देती है। इन हालात का फायदा उठाकर कारोबारी किस का धान 500 ?600 प्रति कुंतल तक सस्ता खरीद रहे हैं। किसान को अगली फसल की तैयारी करनी है ऊपर से त्यौहार है। किसान अपना माल सस्ते में बेचने को मजबूर है। आदतों की माने तो मथुरा मंडी में हर दिन करीब 1 लाख बोरी धान आ रहा है। यह सिलसिला थोड़ा काम ज्यादा एक हफ्ते से अनवरत जारी है। अनुमानित 50000कुंतल धान की आवक हो रही है। किसानों को हो रहे नुकसान का आकलन ?400 कुंतल से भी किया जाए तो उन्हें अकेले मथुरा मंडी में 2 करोड रुपए की शपथ हर दिन लगाई जा रही है। यही हाल कोसीकलां मंडी, गोवर्धन मंडी सहित अन्य मंडियों का चल रहा है। बुधवार को गोवर्धन मंडी बंद रहने के कारण धान की बोली 2300 से ?2600 के बीच तक सिमट गई। सान संगठन भी इस मसले को लेकर कतई गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। सत्ताधारी दल के विधायक और जनप्रतिनिधियों का तो कहना ही क्या, उन्हें किसानों की फिक्र ही नहीं है। सरकार की समृद्ध किसान की मंशा को अधिकारी और सत्ताधारी दल के नेता भूल चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों धान के सीजन में आई बरसात के दौरान भी कारोबारियों ने किसानों के माल की बेहद सस्ती कीमत लगाकर बेइंतहाशा लूट की। जानकारों की माने तो मंडी के चौक होने की वजह भी यही माल रहा। कारोबारी ने कई दिन इस माल को मंडी में ही सड़कों पर सुखाया और फिर बोरियों में भरकर यही डंप पड़ा रहा।

### सरकार का नहीं व्यापारियों पर नियंत्रण

धान खरीद के मामले में सरकारों का व्यापारियों पर कतयी नियंत्रण नहीं है। करनाल में बैठे चंद एक्सपोर्टर ही पूरे देश में बासमती श्रेणी के धान की खरीद करते हैं। हर खरीद सीजन से पहले होटल में पार्टी और उसी में खरीद की नीतियों का निर्धारण कारोबारी द्वारा कर लिया जाता है। दूर दराज की मंदिरों से माल की आवक और ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट को लगाकर वह रेट का निर्धारण कर लेते हैं। चाहे जितना कोहराम मचे कारोबारी अपनी नीतियों में परिवर्तन नहीं करते। इसका खामियाजा हर जगह है केवल और केवल किसानों को भुगतना पड़ता है। नमी के चलते सरकारी खरीद केंद्र खुलते जरूर हैं लेकिन खरीद कहीं नहीं होती इसी का फायदा कारोबारी उठाते हैं।

## दो साधू भेषधारियों में हुआ विवाद, धारदार हथियार से एक घायल

**मथुरा कोसीकलां।** जानकारी के अनुसार पालिका प्रशासन द्वारा थाना के चंद कदमों की दूरी पर किसान मजदूर प्रतीक्षालय बनाया है। आरोप है कि प्रतीक्षालय में किसान मजदूर तो नहीं आते लेकिन उसमें सुबह से सांय तक शराबी जरूर अटखेलिया करते नजर आते है। ऐसा ही एक वाक्या बुधवार की दोपहर करीब 12 घटित हुआ। बताते हैं कि आतिषबाजी के धमाके को लेकर दो साधू भेषधारी आमने सामने आ गए। प्रत्यक्षदर्षियों के अनुसार दोनों के हाथों में धारदार हथियार थे। चूंकि मामला थाना के गेट का था इसलिए दोनों में महाभारत होते ही पुलिस भी वहां आ गई और दोनो को हिरासत में ले थाना ले गई। पूछताछ के बाद पुलिस ने एक को छोड दिया, जो थाना के गेट पर आकर बैठ गया। इसी दौरान पुलिस ने कुछ देर बाद दूसरे को भी छोड दिया।

## भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी में किसान उत्पादक संगठन संगम-25 का आयोजन



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** भा.कृ.अनु.प.भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी में 15 अक्टूबर 2025 बुधवार को किसान उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.) संगम-25 का आयोजन ए.बी.आई.परियोजना के अंतर्गत किया गयो इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी.एल.मीणा,ए.सी.एस. (उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण) उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि यह गोष्ठी सब्जी उत्पादन में क्रांति लाने का काम करेगी उन्होंने कहा कि खेती में बीज प्रतिस्थापन की दर बहुत कम है अतः फसलों की पुरानी किस्मों को नयी किस्मों से प्रतिस्थापित करना समय की मांग है उन्होंने बताया कि सरकार की क्लस्टर डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत 125 उत्कृष्ठता केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

विशिष्ठ अतिथि डॉ.डी.एस.पाण्डेय ने सब्जियों के बीज उत्पादन में राष्ट्रीय बीज निगम, भा.कृ.अनु.प.और एफपीओ के योगदान को विस्तार से बताया उन्होंने बताया कि मिर्च (काशी अनमोल) का बीज उत्पादन सिकन्दराबाद में बड़े स्तर पर कराया जा रहा है तथा मटर (काशी नंदनी, काशी उदय),लोबिया (काशी कंचन, काशी निधी),भिण्डी (काशी लालिमा),पालक (काशी बारहमासी) और सतपुतिया (काशी खुशी) का बीज उत्पादन भी किया जा रहा है ।

# ग्रामीण पत्रकारिता की हुंकार: पीलीभीत में जुटे देशभर के 'चौथे स्तंभ' के सिपाही

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ/पीलीभीत।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की चुनौतियों और जिम्मेदारियों पर मंथन करने के लिए मंगलवार को पीलीभीत में देशभर के ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एकजुट हुए। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के तत्वावधान में सिटी पैलेस बैंक्वेट हॉल में आयोजित राष्ट्रीय विचार गोष्ठी में सैकड़ों पत्रकारों ने 'पत्रकारिता: लोकतंत्र का चौथा स्तंभ झ सम्मान और संघर्ष के बीच' विषय पर सारगर्भित चर्चा की।

गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क और दिनेश जैन ने की, जबकि संचालन मेरठ जिला महामंत्री शिवकुमार शर्मा ने किया। रोहिलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह और वरिष्ठ पत्रकार हरवीर सिंह मुख्य अतिथि रहे। के,पी, सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की आत्मा है। इसकी निष्पक्षता पर कोई आंच नहीं आनी चाहिए।हरवीर सिंह ने डिजिटल युग की हकीकत बताते हुए कहा, आज के दौर में पत्रकार की पहचान सच्चाई और निष्पक्षता ही है।वरिष्ठ पत्रकार ताहिर अजीम, नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल और जम्मू-कश्मीर से डॉ. शेख जहूर अहमद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि महिला पत्रकार समाज के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में मेरठ इकाई से सैकड़ों पत्रकारों ने बस से पीलीभीत पहुंचकर गोष्ठी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों पत्रकारों, सामाजिक कार्यकताओं और बुद्धिजीवियों ने हिस्सा लिया। मेरठ इकाई से मुख्य रूप से श्रीकांत अस्थाना, यशपाल चौधरी, अशोक सोम, मनोज कलीना, मुनेंद्र त्यागी, रामबाबू दुबे, रमेश चौहान, संजय त्यागी, दीपक अग्रवाल, संजीव तोमर, विपिन हरित, जाकिर तुर्क, मोबिन सलमानी, मुमताज अली, उस्मान खान सहित सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

### पत्रकारिता जनसेवा का संकल्प

एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने पत्रकारिता को जनसेवा का संकल्प बताया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता ही सत्ता से सवाल पूछती है और समाज को जागरूक करने का काम करती है। राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क ने कठिन परिस्थितियों में भी सत्य का दीप जलाए रखने के लिए पत्रकारों के संघर्ष की सराहना की। प्रदेश महामंत्री शाहवेज खान ने 'सच लिखने वाले को ही सच्चा पत्रकार' बताया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज कलीना ने प्रो. के.पी. सिंह को पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह का चित्र भेंट किया। मेरठ इकाई ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी का सम्मान किया।

# खीरी पुलिस ने अवैध पटाखों का जखीरा पकड़ा

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**



**लखीमपुर खीरी।** दीपावली से पहले अवैध पटाखों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खीरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ओयल चौकी क्षेत्र में अवैध पटाखों का जखीरा पकड़ा है। पुलिस ने छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से भारी मात्रा में पटाखे और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ओयल चौकी क्षेत्र के कुछ लोग घरों में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण कर रहे हैं। सूचना पर थाना अध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश दी। छापेमारी के दौरान घरों में पटाखों और विस्फोटक पदार्थों से भरे कई बोरे मिले। पुलिस ने मौके से तीनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मो. अकील पुत्र मासूक अली, नसीम सिद्दीकी पुत्र फारूक अली और सकील पुत्र फारुख अली, निवासी ओयल, थाना खीरी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये लोग दीपावली से पहले अवैध रूप से पटाखों की बिक्री की तैयारी कर रहे थे।थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि बरामद पटाखों और विस्फोटक सामग्री को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस कार्रवाई में थाना अध्यक्ष निराला तिवारी समेत उपनिरीक्षक पटेल सिंह, अजय कुमार सिंह, शुभम कुमार, हेड कांस्टेबल हरी लाल, राजेश कुमार, गवेन्द्र पाल, शिखर पांडे सहित थाना खीरी पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।

## मशहूर महंत के घर विद्युत विभाग ने मारा छापा, बिना मीटर चल रही थी विद्युत सप्लाई

**मथुरा/कोसीकलां।** बुधवार को प्रतिदिन की तरह विद्युत विभाग की एक टीम कई कर्मचारियों को संग लेकर हाइवे स्थित बसुंधरा कालोनी पहुंची, जहां कई जगह बिजली कि चोरी पकडी। बताते हैं कि बसुंधरा में स्थित नगर के एक महंत के दो मकान बताए जा रहे हैं। बुधवार की दोपहर जब विभागीय टीम ने दोनों घरों में चैकिंग की तो दोनों मे विद्युत सप्लाई चालू थी, लेकिन एक भी मकान में मीटर नहीं लगा था। अभियान के तहत अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए रजिष्टर में नाम आदि दर्ज कर लिया और चैंकिग के लिए अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा पूर्व कार्यवत्त की कार्यवाही का निस्तारण किया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा जनपद में रबी मे बोई जाने वाली बीज मिनीकिट सरसों, तोरिया, मटर मसूर की आनलाइन बुकिग के माध्यम से वितरित की जा रही है। उन्होंने बताया कि आज से कृषि पोर्टल पर यंत्रों की बुकिंग प्रारम्भ हो गई है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध है जिन्हें समतियो एवं निजी विक्रेता द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है, किसान अपनी जोत के अनुसार उर्वरक प्राप्त कर सकते है। ए0आर0 कोऑपरेटिव द्वारा किसानों से अनुरोध किया गया कि जो समितियां संचालित नही है कृषक समूह गठित कर समिति का संचालन कर सकते है। डिप्टी रिजिनल मार्केटिंग ऑफिसर द्वारा बताया गया कि 10 नवम्बर से धान की खरीद प्रारम्भ हो जाएगी। उद्यान अधिकारी द्वारा जनपद में आलू के बीज की उपलब्धता हेतु अवगत कराया, एवं खाद्य प्रसंस्करण यूनिट स्थापित करने हेतु अनुदान पर यूनिट स्थापित कर सकते है। किसान दिवस में अग्रणी जिला प्रबंधक से किसानों द्वारा कृषि केसीसी की भांति पशुपालन एवं मत्स्य पालन के सीसी में भी 07 प्रतिशत ब्याज पर अनुदान की मांग की गई। फसल बीमा अंतर्गत समय से प्रीमियम कटौती समय से अपलोड करने एवं धान की फसल का समय से क्रॉप कटिंग सर्वे करने की मांग की गई।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डा0 राकेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी डा0 सर्वेश कुमार यादव, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक पवन कुमार सिन्हा, कृषि विज्ञान केंद्र, भूमि संरक्षण, प्रधानमंत्री फसल बीमा, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, प्रगतिशील किसान सुरेन्द्र राय सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## धाम की दूसरे चरण की यात्रा ने पकड़ी रफ्तार

# 17 लाख के पार पहुंची श्रद्धालुओं की संख्या

**रुद्रप्रयाग।**




जत्थे के साथ तीर्थयात्री केदारनाथ धाम पहुंच रहे हैं। मौसम सुहावना होने के कारण तीर्थयात्री केदारनाथ के दर्शनों के साथ ही प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ भी उठा रहे हैं। वहीं प्रतिदिन 12 हजार से अधिक श्रद्धालु बदरीनाथ के दर्शन कर रहे हैं। केदारनाथ धाम की दूसरे चरण की तीर्थयात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है। प्रतिदिन 10 हजार से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ के दर्शन कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। अभी तक 17 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ के दर्शन कर चुके हैं। अधिकांश तीर्थयात्री जत्थे के साथ यात्रा पर पहुंच रहे हैं।

इन दिनों धाम में मौसम सुहावना होने के कारण तीर्थयात्री केदारनाथ के दर्शनों के साथ ही प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ भी उठा रहे हैं। बरसात में केदारनाथ की तीर्थयात्रा धीमी पड़ गई थी। प्रतिदिन 5 हजार तक श्रद्धालु दर्शनों को पहुंच रहे थे। बीते अगस्त माह में अतिवृष्टि से गौरीकुंड हाईवे के साथ ही आस्था पथ पर भूस्खलन और भूधंसाव होने से तीर्थयात्रा खासी प्रभावित रही। बारिश न थमने से जिला प्रशासन को कुछ दिनों के लिए तीर्थयात्रा भी रोकनी पड़ी। अब मौसम सामान्य हो गया है। जिससे केदारनाथ की दूसरे चरण की तीर्थयात्रा भी रफ्तार पकड़ने लगी है। अभी तक 1712613 तीर्थयात्री केदारनाथ के दर्शन कर पुण्य अर्जित कर चुके हैं। केदारनाथ में अपना व्यवसाय चला रहे विनोद सेमवाल ने बताया कि केदारनाथ की दूसरे चरण की तीर्थयात्रा रफ्तार पकड़ने लगी है। तीर्थयात्री जत्थे के साथ धाम में पहुंच रहे हैं। बरसात के बाद केदारनाथ के समीप की पहाड़ियों की तलहटी में हरी बुग्याली घास उग जाती है। तीर्थयात्री प्राकृतिक सौंदर्य का मजा भी ले रहे हैं।

## राज्य कर विभाग के रडार पर पटाखा व ड्राई फ्रूट्स व्यापार, 50 करोड़ की जीएसटी वसूली गई

**देहरादून।** राज्य कर विभाग ने टैक्स चोरी के खिलाफ चलाया विशेष अभियान चलाया है। प्रदेश में पटाखा व्यापारियों पर कार्रवाई कर 50 करोड़ की जीएसटी वसूली गई। त्योहारी सीजन में पटाखा व ड्राई फ्रूट्स का व्यापार राज्य कर विभाग के रडार पर है। राज्य कर विभाग ने टैक्स चोरी के खिलाफ प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाया है। इसके तहत प्रदेश में अलग-अलग जिलों में पटाखा व्यापारियों पर की गई कार्रवाई में अब तक 50 करोड़ की जीएसटी वसूली गई है। दीपावली पर्व पर पटाखों व ड्राई फ्रूट्स की मांग को देखते हुए व्यापारियों ने माल का स्टॉक कर लिया है। पटाखा पर 18 प्रतिशत जीएसटी है। प्रदेश में पटाखे व ड्राई फ्रूट्स बाहरी राज्यों से आता है। राज्य कर विभाग की विशेष रूप से पटाखा व ड्राई फ्रूट्स के कारोबार व बाहर से आने वाले माल पर है। बीते सप्ताह के भीतर विभागीय टीमों ने देहरादून, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार जिले में पटाखा व्यापारियों पर कार्रवाई कर 50 करोड़ की जीएसटी वसूली की है। राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट पर बाहर से आने वाले माल वाहक वाहनों की चेकिंग की जा रही है। अपर आयुक्त अनिल सिंह का कहना है कि राज्य आयुक्त के दिशानिर्देश पर प्रदेश भर में जीएसटी चोरी रोकने के लिए विशेष चेकिंग अभियान जारी है।

# केंद्र से मांगा हिमालयी राज्यों का अलग सैटेलाइट समूह



**देहरादून।**

दिल्ली में स्पेस मीट में उत्तराखंड ने पूर्व और पश्चात के कार्यों का प्रस्ताव रखा। संभावित भूस्खलन, बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदाओं के खतरे की पहले से चेतावनी देने के लिए उन्नत तकनीकी सिस्टम की आवश्यकता बताई गई।

हर साल आपदाओं से जूझने वाला उत्तराखंड अब इससे बचाव के रास्ते तलाश रहा है। इसके लिए प्रदेश ने केंद्र के सामने हिमालयी राज्यों के लिए अलग सैटेलाइट समूह की मांग रखी है। इससे मौसम, जलस्तर, हिमपात की भविष्यवाणी का सटीक मॉडल तैयार हो सकेगा। दिल्ली में हाल में हुई स्पेस मीट में उत्तराखंड से सचिव आईटी नितेश झा ने राज्य में आपदाओं के मद्देनजर पूर्व तैयारियों और बाद की कोशिशों को लेकर प्रस्तुतिकरण दिया। उच्च गुणवत्ता वाले सैटेलाइट चित्र (बहुत उच्च रिजॉल्यूशन वाले) जो 50 सेंटीमीटर से कम की स्पष्टता के हों। इनका उपयोग पहाड़ी इलाकों के नक्शे बनाने और निगरानी के लिए किया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि संभावित भूस्खलन, बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदाओं के खतरे की पहले से चेतावनी देने के लिए उन्नत तकनीकी सिस्टम की आवश्यकता है। हाई रिजॉल्यूशन डिजिटल एलिवेशन मॉडल (डीईएम) और लिडार तकनीकी से ऊंचाई और स्थलाकृति की सटीक जानकारी मिलती है। इससे भूस्खलन और बाढ़ जैसी घटनाओं की संभावना को बेहतर तरीके से समझा जा सकेगा। राज्य ने ये भी मांग की है कि मौसम, जलस्तर, हिमपात आदि की भविष्यवाणी करने वाले सटीक सैटेलाइट डाटा आधारित मॉडल हों। सचिव ने कहा है कि हिमालय क्षेत्र की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विशेष सैटेलाइट समूह की जरूरत है, जो केवल इस क्षेत्र की निगरानी और डाटा संग्रहण के लिए काम करे। जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों की निरंतर निगरानी करने के लिए उन्होंने एक समर्पित क्लाइमेट ऑब्जर्वेटरी की आवश्यकता बताई है। सचिव नितेश झा ने अपने स्तुतिकरण में कहा है कि आपदा के बाद संचार व्यवस्था नष्ट हो जाती है।

## गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में महाविद्यालय स्तर पर कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा के कुशल नेतृत्व तथा हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर गीता त्यागी तथा डॉक्टर सारिका त्यागी के कुशल निर्देशन में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक सन 2047 विकसित भारत की परिकल्पना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता चित्रकला विभाग की अध्यक्षा डॉक्टर ऋषिका पांडे ने की। इस प्रतियोगिता में लगभग 9 छात्राएं समिया दिव्य सबीना कनिका भावना मिस्कीन आकांक्षा तथा सानिया जेहरा ने अपने प्रभावशाली विचार व्यक्त किए। राजनीति शास्त्र की अध्यक्षा डॉक्टर नूतन सिंह इतिहास विभाग के अध्यक्षा डॉक्टर रश्मि चौधरी ने इस विषय पर मूल्यवान जानकारी देकर छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया तथा प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा ने छात्राओं को प्रेरणादायक विचारों से प्रोत्साहित और प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में लगभग 118 छात्राएं उपस्थित रही।

मंच संचालन हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर गीता त्यागी ने किया। कार्यक्रम में संगीत विभाग की अध्यक्षा डॉक्टर आकांक्षा सारस्वत तथा राजनीति शास्त्र की प्रवक्ता खुशबू त्यागी गार्गी गुप्ता अनीता कौशिक और अंकिता का विशेष योगदान रहा।

# आरकेजीआईटी में 16-17 अक्टूबर को जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट का आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** एकेटीयू लखनऊ ने राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद को यूनिवर्सिटी के डॉ अब्दुल कलाम जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट - 25-26 आयोजित कराने के लिए चुना है। आरकेजीआईटी 16-17 अक्टूबर को कॉलेज कैम्पस में जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट का आयोजन कर रहा है। जिसमें 22 विद्यालयों से 1300 से अधिक प्रतियोगी विभिन्न खेल कूद स्पर्धा में भाग ले रहे हैं।

दो दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्टिवल के शुभारंभ समारोह में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित राज सिंह (रिटायर्ड कमांडेंट बीएसएफ) एवं समापन समारोह में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सुभाष वर्मा (रिटायर्ड डिप्टी कमांडेंट बीएसएफ) मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी ने स्टूडेंट्स एक्टिविटी काउंसिल के चेयरमैन आलोक त्यागी को डॉ. अब्दुल कलाम जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट-25-26 के लिए जोनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आलोक त्यागी ने बताया कि बाहर से आने वाली टीमों के लिए कॉलेज में सभी प्रकार की व्यवस्थायें की गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आरकेजीआईटी संस्थान इस वर्ष अपने स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर चुका है और इसलिए इस वर्ष को सिल्वर जुबली वर्ष के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर आरकेजी ग्रुप के चेयरमैन दिनेश गोयल व वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने इस भव्य आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि सभी प्रतियोगिताओं को पारदर्शिता के साथ आयोजित किया जाना चाहिए। इन दो दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्टिवल में अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी, खो -खो, शतरंज, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। खेलों के परिणाम घोषित करने के लिए अनुभवी रेफरी व उत्कृष्ट जजों की टीम का चयन किया गया है। यूनिवर्सिटी की तरफ से डॉ. आर. के. सिंह डिप्टी रजिस्ट्रार को स्पोर्ट्स फेस्टिवल में पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान ग्रुप सलाहकार प्रो.लक्ष्मण प्रसाद, कार्यकारी निदेशक डॉ.डी.के.चौहान, निदेशक डॉ.बीसी शर्मा, डीन छात्र कल्याण श्री एच.जी.गर्ग, प्रेस-मीडिया कोऑर्डिनेटर हर्ष मोहन शर्मा, स्पोर्ट्स कनवीनर विकास त्यागी, को-कनवीनर सौरभ सिंह, मिस. प्रिया शर्मा, राहुल शर्मा, उमा शंकर स्पोर्ट्स ऑफिसर प्रशांत राठी उपस्थित रहे।

## छात्रों को हमेशा ही सकारात्मक ऊर्जा से भरे रहना है-राजीव दीक्षित



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मोदीनगर के छात्र छात्राओं को शिक्षाप्रद उदबोधन के द्वारा शिक्षाविद राजीव दीक्षित ने फैशन डिजाइन पेंटिंग फोटोग्राफी सत्र के दौरान कहा कि आपको हमेशा ही सकारात्मक ऊर्जा से भरे रहना है।

आगे आने वाली जरूरतों का एहसास करते हुए अपने में सिमटकर एक वैश्विक पटल के मंच पर आगे 4 साल बाद होने वाले सवालों और उनके जवाबो से वाकिफ होने लगते हैं। आप अपनी जिंदगी में आने वाली समस्याओं का टिकाऊ समाधान पा ले ऐसा समाधान संभव हो सकता है। इससे लिए दृढ संकल्प जरूरी है। सकारात्मक सोच से बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान संभव है। अंत में शायरी के साथ अपने शब्दों को विराम दिया। संस्थान के प्रबंधक संघर्ष शर्मा प्रशासनिक अधिकारी भोतेंद्र कुमार आदि ने उनको धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

## हरियाणा सरकार द्वारा गुरनाम सिंह चढ़ूनी की गिरफ़्तारी से किसानों में आक्रोश, तत्काल रिहाई की मांग



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** भाकियू चढूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं किसान आंदोलन के समय चर्चा में आए बड़े किसान नेताओं में शुमार गुरनाम सिंह चढूनी की गिरफ्तारी के विरोध में मथुरा के किसानों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। आगरा मंडल अध्यक्ष एवं प्रवक्ता रामवीर सिंह तोमर ने वक्तव्य जारी कर कहा है कि गुरनाम सिंह चढूनी किसानों के लिए पिछले 35 साल से संघर्ष कर रहे हैं। वह हरियाणा में धान खरीद न होने को लेकर कुरुक्षेत्र के लघु सचिवालय के बाहर धरना दे रहे थे लेकिन कुरुक्षेत्र के डीएफएससी (डिस्ट्रिक्ट फूड कंट्रोलर) द्वारा आढ़त की दुकान और धान की उठान के लिए आरओ (रिलीज ऑर्डर) जारी नहीं करने के कारण धान की खरीद नहीं पा रही थी, जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है और मंडी धान से अटी हुई है। इस बात से चढूनी भारी नाराज थे। गुरनाम सिंह चढूनी की गिरफ़्तारी से मथुरा के किसानों में भारी नाराजगी और आक्रोश है। देश का अन्नदाता विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है। गुरनाम सिंह चढूनी को हरियाणा सरकार ने गिरफ्तार करके अपनी किसान विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। देश की महामहिम राष्ट्रपति महोदया से मांग करते हैं। जिला अध्यक्ष संजय पाराशर ने कहा किसान विरोधी हरियाणा सरकार को बर्खास्त किया जाए किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी जी को तत्काल रिहा किया जाए नहीं तो मथुरा में होगा जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

## एमएम कॉलेज में महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मुल्तानीमल मोदी कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियाँ प्राचार्य प्रो. दीपक कुमार के निर्देशन में अग्रवाल आयोजित की गईं। कार्यक्रम के प्रथम चरण में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं अधिकार जागरूकता जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चात आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ समन्वयक प्रो.वंदना शर्मा ने राष्ट्रीय महिला आयोग की भूमिका एवं उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी दी, वहीं भौतिक विज्ञान विभाग प्रभारी प्रो. अमनपाल ने मिशन शक्ति कार्यक्रम की रूपरेखा और समाज में इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में भौतिक विज्ञान विभाग में एक अन्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार एवं रोवर प्रभारी डॉ. मंजीत कुमार के निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102 एवं वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर रेंजर प्रभारी डॉ. सुनीता सिरोही, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कोमल गुप्ता, डॉ. अमर सिंह कश्यप, डॉ. शिवांगी त्रिवेदी, डॉ. प्राची अग्रवाल, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. कुमुद रानी, डॉ रिचा, डॉ गीतांजलि आदि रहे।

## गांव अबूपुर में जन समस्या को जनजागृति पद यात्रा जारी

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** निर्वाण फाउंडेशन के तत्वाधान में ग्राम अबूपुर में चल रहा धरना अनशन 18 वे दिन जारी रहा। निर्माण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर चंद्र ने बताया कि ग्राम भूड़ मोहल्ले में स्वास्थ्य केंद्र के समीप चल रहा यह धरना नालियों के जलभराव, गंदगी, सफाई व्यवस्था की बदहाली, सामाजिक योजनाओं में अनदेखी और प्रशासनिक लापरवाही के विरुद्ध जनता की आवाज बन चुका है। इसी क्रम में ह्लजनजागृति पद यात्राह्व के चौथे दिन आज यात्रा मार्ग अबूपुर से सिखेड़ा हजारी तक निकाली गई। निर्वाण फाउंडेशन के संयोजक ने कहा यह आवाज किसी एक गाँव की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की पीड़ा है। जब तक समस्याओं का ठोस समाधान नहीं होता, यह अनशन और यात्रा जारी रहेगी। यह आंदोलन जनहित की लड़ाई है। इस मौके पर राजवती, राम भज्जू ठाकुर, अजीत, देवदरी, बिरामिया, राजकुमारी, जगदीश, सुनीता, बबिता, शिला, रौशनी, प्रवेश, बंटी, अमित कुमार, सुरेंद्र, विक्की चौहान, आदि उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने नष्ट की 750 किलो पनीर

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** दीपावली के अवसर पर बाजारों में मिठाइयों और दुग्ध उत्पादों की मांग बढे के साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। त्योहार की तैयारियों के बीच मिलावटी खाद्य पदार्थों पर लगाम कसने के लिए विभाग का दीपावली विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन गाजियाबाद की टीम ने देर रात और तड़के सुबह दो बड़ी कार्रवाइयां करते हुए करीब एक हजार किलो से अधिक मिलावटी व अस्वच्छ पनीर और मावा को मौके पर नष्ट कराया। दीपावली अभियान के तहत यूपी गेट साहिबाबाद पर तैनात खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रातभर निरीक्षण अभियान चलाया। इसी दौरान आज तड़के करीब 1 बजे अलीगढ़ निवासी रहूप खान पुत्र जब्बार खान, महिंद्रा पिकअप में शिव डेयरी, गणेशपुर (अलीगढ़) से छह ड्रम में करीब 750 किलोग्राम पनीर सप्लाई के लिए लेकर आ रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने वाहन को रोककर जांच की तो पाया कि पनीर अस्वच्छ परिस्थितियों में रखा गया था, पुराना स्टॉक प्रतीत हो रहा था और उसमें मिलावट की आशंका भी थी। पनीर के दो नमूने संग्रहित करते हुए पूरा स्टॉक जिसकी अनुमानित कीमत 2,25,000 थी, जिसे मौके पर नष्ट कराया गया। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार, प्रमोद वर्मा, मोनिका गुप्ता और भावना अगरिया उपस्थित रहे।



# आर.डब्ल्यू.ए द्वारा नगर निगम एवं बिजली विभाग के सभी कर्मचारियों को दीपावली उपहार भेंट कर सम्मानित किया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आर.डब्ल्यू.ए सेक्टर–1, राजनगर, गाज़ियाबाद द्वारा सरकारी कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने हेतु एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर आर.डब्ल्यू.ए द्वारा नगर निगम एवं बिजली विभाग के सभी कर्मचारियों को दीपावली उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। आर.डब्ल्यू.ए के पदाधिकारियों ने कहा कि ह्लसमाज सेवा में तत्पर सभी कर्मचारियों का यह योगदान प्रशंसनीय है, और दीपावली जैसे पावन पर्व पर उन्हें सम्मानित कर हम अपने सहयोग और कृतज्ञता की भावना व्यक्त कर रहे हैं।









## गाजियाबाद रेलवे स्टेशन इस त्योहारों पर सुरक्षा से परिपूर्ण, आरपीएफ व जीआरपी ने संभाली कमान

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद के रेलवे स्टेशन पर त्यौहारों को लेकर भीड़ बड़नी शुरू हों गई है।

स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ और जीआरपी ने तैयारियां शुरू कर दी है। पुलिस अपर उपायुक्त आरपीएफ शंकर सिंह ने थाना प्रभारी चेतन प्रकाश ने स्टेशन पर अतिरिक्त पुलिस फॉर्स लगाते हुए क्यूआरटी टीम भी बनाई है। क्यूआरटी टीम ट्रैन के रेलवे स्टेशन पर पहुँचते ही उसके पास पहुंचेगी और यात्रियों को सुरक्षित उतारने व चढ़ने में मदद करेंगी। इसके अलावा प्लेटफार्म और रेलवे स्टेशन के पास पहली बार आरपीएफ ने हेल्प डेस्क लगाई है, जो लोगों को गाइड करेगी। स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आरपीएफ की टीम लगातार चेकिंग अभियान भी चला रही है।

## योगी-मोदी सरकार का दिवाली तोहफा उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के चेहरे खिले

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दीपावली के अवसर पर बुधवार को निःशुल्क गैस सिलेंडर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लोक भवन, लखनऊ में संपन्न हुआ, जिसका लाइव प्रसारण दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन, गाजियाबाद में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के समस्त गैस एजेंसियों के माध्यम से योजना के लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक संजीव शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने सभी उपस्थित लाभार्थियों और गणमान्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित यह योजना ग्रामीण और शहरी परिवारों को रसोई गैस की सुविधा निःशुल्क प्रदान करने के लिए है, जिससे घर-घर सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में 150 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया, जिनमें से 10 लाभार्थियों को माननीय विधायक श्री संजीव शर्मा ने विशेष रूप से चेक प्रदान किया। संजीव शर्मा ने कहा कि मोदी-योगी सरकार कहने में नहीं, करने में विश्वास रखती है।

## 10 साल से किरायेदार रही महिला निकली चोर, चोरी की वारदात का खुलासा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वेव सिटी थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। इस मामले में जो खुलासा पुलिस ने किया, उसने सभी को हैरान कर दिया- चोरी किसी बाहरी शख्स ने नहीं, बल्कि उसी घर में पिछले दस वर्षों से किरायेदार के रूप में रह रही महिला ने की थी।

पुलिस की तेज कार्रवाई और एसीपी प्रियाश्री पाल की सख्त निगरानी में इस मामले का पदार्फाश हुआ। यह घटना न केवल एक आपराधिक मामला है, बल्कि समाज के लिए एक चेतावनी भी है कि विश्वास के नाम पर लापरवाही कितनी बड़ी कीमत दिला सकती है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्ता हेमा नामक महिला है, जो बीते 10 वर्षों से मकान मालिक के घर में किराए पर रह रही थी। इस दौरान उसने परिवार का भरोसा जीता और घर के हर हिस्से से परिचित हो गई। मकान मालिक को उस पर इतना विश्वास था कि वे निश्चिंत होकर अपनी गैरमौजूदगी में भी घर की चाबियाँ उसके पास छोड़ देते थे। लेकिन हेमा ने इसी भरोसे को धोखा देते हुए 13 अक्टूबर की रात घर में रखे कीमती गहने और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के अनुसार, महिला सोने का हार, चांदी की पायलें, अंगूठियां, बिछुए और करीब 1.60 लाख नकद लेकर फरार हो गई थी। घटना के बाद एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित जांच शुरू की। मामले की बारीकी से छानबीन की गई और सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय जानकारी व मोबाइल सर्विलांस के आधार पर महिला को हिरासत में लिया गया।

## एसीपी प्रियासी पाल की मिशन शक्ति टीम व वेव सिटी पुलिस ने 1 महिला को चोरी किए हुए आभूषण के साथ किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एसीपी वेव सिटी प्रियांशी पाल की मिशन शक्ति टीम व वेव सिटी पुलिस ने समन्वय होकर, क्षेत्र में 13 अक्टूबर को हुई एक सनसनीखेज चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है जिसमें एक महिला अभियुक्ता को करीब 1 लाख 60 हजार के चोरी किए हुए सोने के आभूषण के साथ गिरफ्तार किया गया है।

इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्ता एक ऐसी महिला है, जिसने अपने मकान मालिक के साथ पिछले 10 वर्षों से बने विश्वास को तोड़कर इस अपराध को अंजाम दिया। अभियुक्ता का नाम हेमा है, जो उसी मकान में एक दशक से किराए पर रह रही थी, जहां उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि हेमा को मकान मालिक के घर की हर छोटी-बड़ी जानकारी थी। लंबे समय तक किराएदार के रूप में रहने के कारण उसे यह पता था कि घर की चाबियां कहां रखी जाती हैं, कीमती सामान जैसे सोना-चांदी और नकदी कहां रखे जाते हैं, और मकान मालिक की दिनचर्या कैसी है। इस जानकारी का फायदा उठाते हुए हेमा ने मौका देखकर 13 अक्टूबर को चोरी की योजना बनाई और उसे अंजाम दे दिया। उसने सोने का हार, कई जोड़ी पायल, चांदी की अंगूठी, बिछुए और 1 लाख 60 हजार रुपये की नकदी चुरा ली।

इस चोरी ने मकान मालिक को झकझोर कर रख दिया, क्योंकि उन्हें अपने पुराने किराएदार पर पूरा भरोसा था, एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि अधिकता हेमा की इन लोगों ने कोई पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराई थी मैं आप सभी से चेनल के माध्यम से अपील करती हूं आप कोई भी किराएदार रखें या फिर घर पर कोई स्टाफ रखें पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराए।

## डॉ. आर.पी. चड्डा और वाइस चेयरमैनने की पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से शिष्टाचार भेंट

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शिक्षा जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा और वाइस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति माननीय श्री राम नाथ कोविंद से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। यह भेंट दीपावली पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित करने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान की उपलब्धियों पर संवाद के लिए आयोजित की गई। भेंट के दौरान अर्पित चड्ढा ने पूर्व राष्ट्रपति को बताया कि आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप ने बीते वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। संस्थान न केवल अकादमिक उत्कृष्टता पर ध्यान देता है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने संस्थान की नवीनतम पहलों, अनुसंधान परियोजनाओं और समाजसेवा कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि आईटीएस शिक्षा को आधुनिक तकनीक और नैतिक मूल्यों के साथ जोडे का निरंतर प्रयास कर रहा है। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान भारत की भावी पीढ़ी को सशक्त, शिक्षित और संस्कारित नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने संस्थान को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का माध्यम भी है। इस शिष्टाचार भेंट को आईटीएस परिवार ने अत्यंत गौरवपूर्ण अवसर बताया। डॉ. आर.पी. चड्ढा ने कहा कि माननीय श्री राम नाथ कोविंद जी से मिलना न केवल सम्मान की बात है।

## 26 अक्टूबर को यशोदा मेडिसिटी का भव्य उद्घाटन, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी दीपक प्रज्वलित



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाने वाला यशोदा मेडिसिटी 26 अक्टूबर को भव्य उद्घाटन के लिए तैयार है। इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह 11 बजे के आसपास उद्घाटन करेंगी। मेडिसिटी के चेयरमैन डॉ. पीएन अरोड़ा ने अपने परिवार-पत्नी उपासना अरोड़ा और पुत्र शुभांग अरोड़ा के साथ राष्ट्रपति को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया, जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया। यशोदा मेडिसिटी के उद्घाटन समारोह की विशिष्टता इस बात से भी साबित होती है कि देश के रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस भव्य अवसर के लिए निमंत्रण स्वीकार किया है। दोनों ही महान हस्तियां समारोह में उपस्थित होकर इस स्वास्थ्य केंद्र के महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देंगी। डॉ. पीएन अरोड़ा ने बताया कि यशोदा मेडिसिटी न केवल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है, बल्कि यह स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सर्वोच्च गुणवत्ता और मरीज केंद्रित सुविधाओं का प्रतीक भी बनेगा।

## मेरठ मंडलायुक्त ने दिये निर्देश, जीडीए हरनंदीपुरम योजना में भूमि क्रय करने की बढ़ाए रफ्तार

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** मेरठ मंडलायुक्त डा हषिकेश भास्कर यशोद ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। प्राधिकरण के महत्वपूर्ण कार्यो को लेकर अधिकारियों के साथ प्राधिकरण के आय के स्रोत के साथ एलीवेटेड रोड के साथ बनने वाली स्लिप रोड के निर्माण पर जानकारी हासिल की। निर्देशित किया गया कि ट्रेफिक स्टडी कराते हुए कार्य को आगे बढाया जाए। तुलसी निकेतन योजना के रिडवलपमेंट कार्य की समीक्षा करते हुए आदेशित किया कि एनबीसीसी के साथ एमओयू करते हुए प्रोजेक्ट की टाइम लाइन निर्धारित की जाए। प्राधिकरण बोर्ड अध्यक्ष ने हरनंदीपुरम योजना के जमीन क्रय किए जाने की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जो भी अधिकारी योजना देख रहे है, वह स्थल पर रहते हुए किसानों के संपर्क में रहे, बीच में किसी भी स्थिति में बिचोलियां नहीं आना चाहिए। जमीन क्रय करने की टाइम लाइन तय की जाए। मंडलायुक्त ने इंदिरापुरम, वसुंधरा में उस स्थल का भी निरीक्षण किया जिस जगह पर स्लिप रोड का निर्माण किया जाना है। बैठक के दौरान मधुबन बापूधाम योजना के नए ले आउट पर चर्चा के दौरान कहा कि जिन किसानों को भूखंड दिए जाने है, टाइम लाइन तय करते हुए भूखंड दिए जाए। ये जानने का प्रयास किया कि किसानों को भूखंड दिए जाने के बाद प्राधिकरण पर कितनी जमीन अवशेष होगी। प्राधिकरण सचिव एवं अन्य अधिकारियों ने अवगत कराया कि लगभग 4 हजार करोड़ की संपत्ति विक्रय करने हुए चरणबद तरीके से आवासीय एवं व्यवसायिक भूखंड विकसित करते हुए आवंटित किए जाने की योजना तैयार की गई है। बैठक के दौरान मधुबन बापूधाम में आरओबी निर्माण के कार्य और राजनगर एक्सटेंशन में प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के अतिरिक्त सैदपुर हुसैनपुर/ डीलना में औद्योगिक टाउनशिप, बुनकर मार्ट, कन्वेशन सेंटर, उत्सव भवन, पहल पोर्टल, प्रधानमंत्री आवास योजना पीएमवाई की समीक्षा की और आदेशित किया कि तमाम अधूरे कार्य पूरे कराते हुए आवंटियों को कब्जा देने के कार्यक्रम का रिक्वेस्ट लेटर भेजा जाए। इसके साथ पीएमवाई के भवनों के मेंटिनेंस शुल्क भी तय किया जाए, ताकि भविष्य में दिक्कत न आए। आवंटियों को चाबी दिए जाने के दौरान वस्तु स्थिति से अवगत कराया जाए। बैठक में कोयल एन्कलेव में तैयार हो रहे रामायाण थींम पार्क, इंदिरापुरम के वेस्ट टू बंडर पार्क, विजय नगर के संविधान वाटिका पार्क के अतिरिक्त मधुबन बापू धाम में विकसित किए जाने वाले विकसित भारत पार्क के साथ टीओडी जोन और जोनिंग प्लान पर भी चर्चा की।